www.navpradesh.com

दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर | 3 | आंचलिक | 4 | अभिव्यक्ति | 6 | छत्तीसगढ़ | 7 | खेल/बिजनेस

RNI NO.MPHIN/2017/72749 | भोपाल, गुरूवार 25 अप्रैल 2024 | वर्ष-8 अंक-12 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए | भोपाल, जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

आर्थिक सर्वे का मामला तूल पकड़ता ही जा रहा है। कांग्रेस की इस चुनावी घोषणा का जहां भाजपा विरोध कर रही है। वहीं समाजवादी पार्टी ने इसका समर्थन किया है। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के अनुसार आर्थिक सर्वे होना ही चाहिए और संपत्ति का बंटवारा किया जाना चाहिए अच्छी बात है। जो पार्टियां इसके पक्ष में हैं। उन्हें अपने घर से ही इसकी शुरूआत करने की घोषणा करनी चाहिए। जिन नेताओं ने बगैर किसी उद्योग धंधे के कुछ ही सालों में हजारों करोड़ की संपत्ति अर्जित कर ली है। उनकी संपत्ति जब्त कर गरीबों में बांट दी जानी चाहिए।

दूसरे चरण की 88 सीटों पर प्रचार थमा, मतदान कल

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार अभियान बुधवार शाम थम गया। इस चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा। इसमें राज्य की तीन सीटें राजनांदगांव, कांकेर व महासमुंद शामिल है। निर्वाचन आयोग के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण में मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर भी चुनाव होना था, लेकिन बहुजन समाज पार्टी (बसपा) उम्मीदवार के निधन के बाद अब इस सीट पर चुनाव सात मई को तीसरे चरण में होगा। इन सीटों पर कुल 1206 प्रत्याशी चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। इस चरण में केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की 8-8, मध्य प्रदेश की 6, असम और बिहार की 5-5, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की 3-3 और जम्मू-कश्मीर, मणिपुर तथा त्रिपुरा की 1-1 सीटों पर मतदान होगा। मत सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक डाले जायेंगे और मतगणना 4 जून को होगी। निर्वाचन आयोग के अनुसार इस चरण के लिये 89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक और 109 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किये गये हैं।

भीषण आग से दवा एवं रासायनिक पदार्थ का गोदाम खाक

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के औद्योगिक केंद्र दनकुनी में बुधवार तड़के भीषण आग लगने से एक दवा एवं रासायनिक पदार्थ का गोदाम जलकर खाक हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आग आज तड़के करीब पांच बजे औद्योगिक परिसर में लगी, जिसमें टिन की छत वाला पूरा गोदाम जलकर खाक हो गया। इलाके में चारों ओर काले धुंए का गुब्बार दिखाई दे रहा था। आग लगने की सूचना मिलने के बाद अग्निशमन विभाग ने दमकल कर्मी सहित दस अग्निशमन वाहन मौके पर भेजे और दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ 'आप' की डॉक्टर इकाई का प्रदर्शन

नई दिल्ली, (वार्ता)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और 23 दिनों तक उन्हें इंसुलिन नहीं देने के विरोध में आप कार्यकर्ताओं और पार्टी की डॉक्टर इकाई ने आज भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन किया। पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से इंडिया समूह के प्रत्याशी एवं 'आप' के वरिष्ठ नेता कुलदीप कुमार ने इस दौरान कहा कि भाजपा निष्पक्ष चुनाव से भाग रही है इसीलिए बिना सबूत के केजरीवाल को जेल में रखा हुआ है और उनको प्रताड़ित किया जा रहा है। दिल्ली की जनता भाजपा के इस अत्याचार का जवाब अपने वोट से देगी। कुमार ने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को कई सुविधाएं दी हैं।

भोपाल भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा के समर्थन में रोड शो

भोपाल की सड़कों पर दिखा मोदी मैजिक, रोड शो में नजर आए लेजर से बने राम

भोपाल में 30 मिनट में सवा किलोमीटर चले मोदी: खुली जीप में सवार होकर किया रोड शो; लोगों ने बरसाए फूल

भोपाल/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजधानी भोपाल में बुधवार को भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा के समर्थन में रोड शो किया। मोदी का मैजिक ऐसा था कि हजारों की संख्या में जनता उनका अभिवादन करने जुटी। रोड शो के दौरान मोदी...मोदी..., जय श्री राम, अबकी बार 400 पार के नारे गूंजते रहे। रोड शो में लेजर शो आकर्षण का केंद्र रहा। इससे भगवान की आकृति बनाई गई। पूरा मार्ग भगवा रंग में रंगा नजर आया।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सागर और बैतूल संसदीय सीट के हरदा में जनसभा को संबोधित किया। भोपाल में करीब 7.42 बजे मालवीय नगर तिराहा एयरटेल ऑफिस से रोड शो शुरू हुआ। खुली जीप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भोपाल से प्रत्याशी आलोक शर्मा निकले तो सड़क के दोनों तरफ जनता ने फूल बरसाना शुरू कर दिया। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा ने हाथ में एलईडी से जगमगता कमल ले रखा था। एक किलोमीटर लंबे रोड शो में 50 से ज्यादा सामाजिक और व्यापारिक संगठनों ने करीब 200 मंच लगाकर **शेष पृष्ठ 5 पर**

सीएम ने कहा- ऐसा रोड शो कभी नहीं हुआ

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा- आज भोपाल और मध्यप्रदेश के लिए ऐतिहासिक दिन है। जनता का उत्साह और उमंग बता रहा है कि पूरा प्रदेश मोदीमय हुआ है। देश के दिल मध्यप्रदेश और मध्यप्रदेश के दिल भोपाल में जिस प्रकार पीएम मोदी का रोड शो हुआ है ऐसा रोड शो कभी नहीं हुआ।

कांग्रेस का इरादा बहुसंख्यकों को बांट कर उल्लू सीधा करने का: सीएम आदित्यनाथ योगी

लखनऊ। कांग्रेस पर बहुसंख्यक समाज को बांटने का सीधा आरोप लगाते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि इनकी मंशा एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में डकैती डालने की है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में मीडिया सेंटर का उदघाटन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होने कहा कि कांग्रेस की मंशा एससी, एसटी के अधिकारों में भी घुसपैठ करने की है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में आई सच्चर कमेटी की रिपोर्ट है, जिसे भाजपा के भारी विरोध के कारण उन्हें वापस लेना पड़ा था। संप्रग सरकार अपने शासनकाल में पूर्व चीफ जस्टिस एवं कांग्रेस सांसद रंगनाथ मिश्रा कमीशन सिफारिशों को लागू करना चाहती थी।

ज्ञातव्य है कि रंगनाथ मिश्रा कमीशन के तहत ओबीसी को मिलने

वाले 27 प्रतिशत आरक्षण में छह प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय को देने की बात कही गई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में संपत्ति का सर्वे कराने की बात कर रही है। वे लोग उसके बाद संपत्ति का अपने अनुसार बंदरबांट करेंगे। संप्रग सरकार के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने इस बात का उल्लेख भी किया था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है।

योगी ने कहा कि भाजपा ने देश में चार जातियों गरीब, किसान, युवा और महिला की बात की है। इसमें किसी जाति, मत-मजहब की बात नहीं है। वास्तव **शेष पृष्ठ 5 पर**

भाषण देते समय मंच पर बेहोश हुए केंद्रीय मंत्री गडकरी

मुंबई, (ए.)। महाराष्ट्र के यवतमाल में लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भाषण देते समय अचानक मंच पर बेहोश होकर गिर पड़े। इस दौरान आसपास रहे सुरक्षाकर्मी सहित मंच पर मौजूद अन्य लोगों ने तत्काल उन्हें संभाला।
सहारा देकर उन्हें उठाकर इलाज के लिए अस्पताल ले गए। बताया जाता है कि गडकरी यवतमाल के पुसद में एक चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे हुए थे। वह मंच पर बोल ही रहे थे कि अचानक वह बेसुध होकर गिर पड़े। जिसके बाद उनके आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें संभाला और तत्काल इलाज के लिए ले गए।

बता दें कि अभी लोकसभा चुनाव का समय है। ऐसे में जनता तक पहुंच बनाने नेता लगातार जनसंपर्क में हैं। इससे पहले भी कई नेताओं की तबीयत इसी तरह खराब हो चुकी है। माना जा रहा गर्मी का असर भी दिख रहा है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर लोकसभा सीट से बीजेपी के उम्मीदवार हैं। नागपुर सीट पर पहले चरण में मतदान हो चुका है। यहां गडकरी का मुकाबला कांग्रेस के विकास ठाकरे से है। नितिन गडकरी यहां से तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं।

नागालैंड से जोड़ने वाले पुल पर आईईडी ब्लॉस्ट गोलियां भी चली

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से दो दिन पहले इंफाल को नागालैंड के दीमापुर से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर आईईडी ब्लास्ट किया गया है। धमाके से कुछ घंटे पहले ही दो समुदाय के बीच गोलीबारी भी हुई थी। मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मतदान से ठीक 2 दिन पहले मणिपुर में जातीय हिंसा प्रभावित कांगपोकवी जनपद में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या दो पर सपरमीणा के पास इंफाल को नागालैंड से जोड़ने वाले पुल पर आईईडी ब्लास्ट किया गया है। जिस स्थान पर आईईडी ब्लास्ट की यह घटना अंजाम दी गई है उसी

मप्र बोर्ड : 10 वी और 12 वी का रिजल्ट जारी

मप्र बोर्ड 10वीं का परिणाम 58.10 प्रतिशत और 12वीं का 64.49 प्रतिशत रहा

भोपाल/नवप्रदेश। माध्यमिक शिक्षा मंडल(माशिमं) की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम बुधवार को शाम चार बजे घोषित हुआ। स्कूल शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव रश्मि अरूण शमी ने सिंगल क्लिक से परिणाम जारी किया। 10वीं में 8.21 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए। इसका 58.10 प्रतिशत रिजल्ट रहा। वहीं पिछले साल 63.29 प्रतिशत रहा था, यानी 5.19 प्रतिशत की

गिरावट आई है। वहीं 12वीं में 6.24 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इसका परिणाम 64.49 प्रतिशत रहा, जबकि पिछले साल 55.28 प्रतिशत रहा था।यानी 9.21 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है।हर बार की तरह इस बार भी दोनों कक्षाओं में बेटियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर परचम लहराया है।इस वर्ष 10वीं में 61.88 प्रतिशत छात्राएं और 54.35 छात्र पास हुए हैं, जबकि राज्य स्तरीय टाप टेन मेधावी सूची में कुल 82 विद्यार्थियों ने स्थान पाया है। उधर, 12वीं में 68.43 प्रतिशत छात्राएं और 60.55 प्रतशित छात्र पास हुए हैं।वहीं राज्य स्तरीय मेधावी सूची में 132 विद्यार्थियों ने स्थान पाया है। 10वीं में मंडला की अनुष्का अग्रवाल ने 495 अंक लाकर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है।वहीं कटनी की रेखा रेबारी,आगरमालवा की इश्मिता तोमर व रीवा की स्नेहा पटेल ने 493 अंक लाकर संयुक्त **शेष पृष्ठ 5 पर**

सैम पित्रोदा की टिप्पणी से कांग्रेस बेनकाब: शाह

नई दिल्ली,। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने कांग्रेस पार्टी के सलाहकार सैम पित्रोदा के कांग्रेस पार्टी की 'विरासत टैक्स' वाले बयान पर आज कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस की तुष्टीकरण की खतरनाक साजिश बहुसंख्यकों की संपत्ति को जप्त करने और इसे अल्पसंख्यकों के बीच वितरित करने की है।

शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सैम पित्रोदा पर जमकर निशाना साधा और कहा कि सैम पित्रोदा की टिप्पणी के बाद कांग्रेस पार्टी पूरी तरह बेनकाब हो गई है। उन्होंने कहा कि धन पुनर्वितरण पर सैम पित्रोदा के बयान से आज

कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति उजागर हो गई है।

पूर्व पीएम मनमोहन ने भी यह बात कही थी: वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि सैम पित्रोदा की टिप्पणी के बाद कांग्रेस पार्टी के चेहरे से पूरी तरह नकाब उतर गया है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले कांग्रेस के घोषणा पत्र में 'सर्वे' का जिक्र किया गया। डॉ. मनमोहन सिंह ने प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए बयान **शेष पृष्ठ 5 पर**

सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को सुको में दी चुनौती

नई दिल्ली। झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गिरफ्तारी के बाद करीब तीन माह से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर उच्च न्यायालय के आदेश पारित करने में देरी का हवाला देते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष वरिष्ठ

अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने झारखंड मुक्ति मोर्चा ने हेमंत सोरेन का पक्ष रखते हुए उनकी अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया।इस पर पीठ ने कहा कि शीघ्र सुनवाई के मामले मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ कोई विचार कर सकते हैं।



महाकाल को गर्मी से बचाने बांधी गई गलंतिका

उज्जैन, (ए.)। गर्मियों का मौसम आते ही लोग तेज धूप और गर्म हवाओं से परेशान हो जाते हैं, इससे निजात पाने के लिए लोग तरह-तरह के इंतजाम करते हैं। इसी के तहत अब उज्जैन के बाबा महाकाल को गर्मी से बचाने के लिए उनके सेवक पंडे पुजारियों ने जतन शुरू कर दिए हैं। परंपरा के अनुसार महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल को सहस्त्र जलधारा चढ़ाई जा रही है। हर साल वैशाख कृष्ण प्रतिपदा से राजा महाकाल को गर्मी से रहत देने सतत जलधारा से ठंडक दी जाती है। **शेष पृष्ठ 5 पर**

गरमा-गरम

सुनवाई... सवाल किया कि क्या माइक्रो कंट्रोलर एक बार प्रोग्राम करने योग्य है?

ईवीएम-वीवीपैट पर सुको ने आयोग से मांगा स्पष्टीकरण

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट (वीवीपैट) की पर्चियों की गिनती 100 फीसदी तक बढ़ाने की याचिका पर बुधवार को चुनाव आयोग से कई स्पष्टीकरण देने के साथ ही यह भी बताने को कहा कि क्या माइक्रो कंट्रोलर एक बार प्रोग्राम करने योग्य है?

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस वी एन भट्टी की पीठ ने चुनाव आयोग से आज दो बजे से पहले ईवीएम-वीवीपैट से संबंधित कई तथ्य स्पष्ट करने को कहा।पीठ ने अतिरिक्त

सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी और अन्य वकील से कहा, ÷हम बस कुछ स्पष्टीकरण चाहते थे। शीर्ष अदालत ने यह जानना चाहा कि क्या कंट्रोल यूनिट या वीवीपैट में माइक्रो कंट्रोलर स्थापित है।

पीठ ने चुनाव आयोग से पूछा, हमें लगा कि नियंत्रण इकाई में मेमोरी स्थापित है। हमें बताया गया कि वीवीपैट में फ्लैश मेमोरी है। क्या माइक्रो कंट्रोलर एक बार प्रोग्राम करने योग्य है। हमें बस इसकी पुष्टि कर दें। शीर्ष अदालत ने यह भी जानना चाहा कि चुनाव आयोग के पास कितनी प्रतीक लोडिंग इकाइयां उपलब्ध थीं।

पीठ ने ईवीएम के डेटा को बरकरार रखने की समय सीमा भी जानना चाहा। पीठ ने चुनाव आयोग की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल भाटी और वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह से पूछा, आपने कहा कि चूंकि चुनाव याचिका दायर करने की सीमा 30 दिन है। इसलिए ईवीएम में डेटा 45 दिनों तक संग्रहित रहता है, लेकिन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 81 के अनुसार, उस सीमा की अवधि 45 दिन है। ऐसे में ईवीएम में डेटा रखने का समय बढ़ाना होगा।'

'सोर्स कोड का खुलासा कभी न हो'- कोर्ट

पीठ ने कहा, हम इस बारे में आश्वस्त होना चाहते थे। यदि सीमा अवधि 45 दिन है तो इसे (ईवीएम सुरक्षित करने की अवधि) 60 दिन करें। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता की ओर से सोर्स कोड का मुद्दा भी उठाने पर पीठ ने कहा, 'सोर्स कोड का खुलासा कभी नहीं किया जाना चाहिए। लोग इसका दुरुपयोग करने की कोशिश करेंगे।' याचिकाएं एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और अन्य द्वारा दायर की गई हैं।

राजनांदगांव लोकसभा सीट पर कांटे का मुकाबला

कांग्रेस से भूपेश बघेल तो भाजपा से संतोष पांडे चुनावी रणभूमि में

चढ़ा चुनावी पारा जनता किसके साथ 26 को मतदान

राजनांदगांव लोकसभा सीट छत्तीसगढ़ के हाई प्रोफाइल सीटों में से है, जो छत्तीसगढ़ में बीजेपी का गढ़ माना जाता है , इस बार राजनांदगांव सीट पर कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को चुनावी मैदान में उतारा है. भाजपा ने सांसद संतोष पांडे को दोबारा टिकट देकर भरोसा जताया है। दोनों प्रमुख पार्टियां अपनी जीत के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही हैं. लगातार इस लोकसभा सीट में बड़े नेता चुनाव प्रचार के लिए आ चुके है ।

छत्तीसगढ़ में कका के नाम से मशहूर भूपेश बघेल राजनांदगांव में चक्रव्यूह को भेदने मे कितना सफल होते है यह तो आने वाला समय ही बताएगा।



कवर्धा/नवप्रदेश। प्रचार प्रसार का दौरा अब थम चुका है । वनांचल और शहर की स्थिति को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि इस बार लोकसभा चुनाव मे भूपेश बघेल और संतोष पांडे के बीच टक्कर का मुकाबला देखा जा सकता है। दरअसल दोनों प्रत्याशी ने चुनाव प्रचार प्रसार में किसी प्रकार का कोई कसर नहीं छोड़ा है । तो इसके साथ ही हम आपको बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा आम लोगों तक पूर्व में किए गए कार्यों को लेकर वे पहुंचे थे। किसानों के कर्ज माफी सहित अनेक मुद्दों पर उन्होंने चर्चा किया।

भूपेश बघेल ने जहां अंग्रेजी माध्यम स्कूल ,किसानों को दिए जाने वाले सुविधाओं सहित, अन्य विषय को लेकर अपनी बातों को रखा है, तो इसके साथ ही संतोष पांडे ने उनके कार्यकाल में हुए कार्य त था केंद्र सरकार के द्वारा किए गए कार्यों को लेकर आम जनता तक अपनी बातों को रखा है ।

वर्तमान समय में अब जनता ही फैसला करेगी कि वह जीत का ताज किसे पहनती है। फिलहाल हम आपको बता दे कि अगर शहर और ग्रामीण अंचलों में लोगों की बात करें तो जो निकाल कर सामने आ रहा है उससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि इस बार टक्कर का मुकाबला देखने के लिए मिलेगा हालांकि हार और जीत का फैसला तो जनता जनार्दन ही करती है।

लोकसभा चुनाव का दंगल

राजस्थान की 13 में से 5 सीटों पर कांटे का मुकाबला

जयपुर। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रेल को होने वाला है. दूसरे चरण में राजस्थान में कई अहम सीट हैं जिन पर सभी की नजर टिकी हुई हैं. पहले चरण में काफी कम मतदान हुआ था लिहाज दूसरे चरण की वोटिंग के लिए राजनीतिक पार्टियों ने अपना पूरा दम लगाया है. 24 अप्रेल प्रचार प्रसार का आखिरी दिन है. इसलिए सभी पार्टियां आज पूरा दमखम दिखा रही हैं. राजस्थान में दूसरे चरण में टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर-जैसलमेर, जालोर-सिरोही, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां 13 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। इन सभी 13 सीटों में एक ऐसी सीट है जिस पर त्रिकोणीय मुकाबला है. यह सीट है बाड़मेर-जैसलमेर सीट. इस पर बीजेपी कांग्रेस को निर्दलीय उम्मीदवार टक्कर दे रहे हैं. राजस्थान के इन 13 सीटों पर 5 सीटें ऐसी है जिन कड़ी टक्कर का है. इन 5 सीटों पर सभी की निगाहें टिकी है. इन सीटों पर बीजेपी और कांग्रेस दोनों के उम्मीदवार मजबूत हैं और वे एक दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे हैं.

इन पांच सीटों पर कांटे का मुकाबला

दूसरे चरण में जोधपुर लोकसभा सीट पर बीजेपी की ओर से गजेंद्र सिंह शेखावत हैं. उनके सामने कांग्रेस करण सिंह उचियारड़ा हैं. दोनों के बीच कड़ी टक्कर बताई जा रही है. वहीं कोटा-बूंदी लोकसभा सीट पर बीजेपी के ओम बिरला और कांग्रेस के प्रहलाद गुंजल के बीच टक्कर है. जालोर-सिरोही सीट काफी अहम है. इस पर कांग्रेस से अशोक गहलोत के बेटे वैभव गलतोत हैं जबकि बीजेपी की ओर से लुंबाराम चौधरी मैदान में हैं.

सबसे ज्यादा चर्चा में है बाड़मेर-जैसलमेर सीट

इन सबसे इतर सबसे चर्चित सीट बाड़मेर-जैसलमेर सीट है. वहां त्रिकोणीय मुकाबला है. इस सीट पर सबसे ज्यादा चर्चाओं में निर्दलीय उम्मीदवार रविंद्र सिंह भाटी हैं. उन्होंने बीजेपी और कांग्रेस दोनों की नींद उड़ा रखी है. यहां बीजेपी की ओर से कैलाश चौधरी और कांग्रेस से उमेदाराम बेनीवाल मैदान में हैं. इन सभी 13 सीटों पर अगर 2019 के नतीजों को देखें तो सभी 13 सीट भाजपा के खाते में थी और रिकॉर्ड जीत दर्ज की गई थी।

अजमेर सीट : भाजपा के भागीरथ चौधरी ने कांग्रेस के रिजु झुनझुनवाला को 416424 मतों से हराया था. चौधरी को 815076 वोट और झुनझुनवाला को 398652 वोट मिले थे.

बांसवाड़ा सीट : भाजपा के कनकमल कटारा ने कांग्रेस के ताराचंद भगोरा को 305464 मतों से हराया था. कटारा को 711709 वोट और भगोरा को 406245 वोट मिले थे.

बाड़मेर-जैसलमेर सीट : भाजपा के कैलाश चौधरी ने कांग्रेस के मानवेंद्र सिंह को 323808 मतों से हराया था. उस समय चौधरी को 846526 वोट और सिंह को 522718 वोट मिले थे.

भीलवाड़ा सीट : भाजपा के सुभाष चंद्र बहेड़िया ने कांग्रेस के रामपाल शर्मा को 612000 मतों से हराया था. बहेड़िया को 938160 वोट और शर्मा को 326160 वोट मिले. यह लोकसभा चुनाव 2019 की बड़े अंतराल जीती गई सीटों में शामिल थी.

चित्तौड़गढ़ सीट : भाजपा के चंद्रप्रकाश जोशी ने कांग्रेस के गोपाल सिंह शेखावत को 576247 मतों से हराया था. जोशी को 982942 वोट और शेखावत को 406695 वोट मिले थे.

जालोर सीट : भाजपा के देवजी पटेल ने कांग्रेस के रतन देवासी को 261110 मतों से हराया था. पटेल को 772833 वोट और देवासी को 511723 वोट मिले थे.

झालवाड़-बारां सीट : भाजपा के दुष्यंत सिंह ने कांग्रेस के प्रमोद शर्मा को 453928 मतों से हराया था. सिंह को 887400 वोट और शर्मा को 433472 वोट मिले थे.

जोधपुर सीट : भाजपा के गजेंद्र सिंह शेखावत ने कांग्रेस के वैभव गहलोत को 274440 मतों से हराया था. शेखावत को 788888 वोट और गहलोत को 514448 वोट मिले थे.

पाली सीट : भाजपा के पीपी चौधरी ने कांग्रेस के बद्री जाखड़ को 481597 मतों से हराया था. चौधरी को 900149 वोट और जाखड़ को 418552 वोट मिले थे.

राजसमंद सीट : भाजपा की दीया कुमारी ने कांग्रेस के देवकीनंदन काका को 551916 मतों से हराया था. दीया को 863039 वोट और देवकीनंदन को 311123 वोट मिले थे.

टोंक सवाई माधोपुर : भाजपा के सुखबीर सिंह जौनपुरिया ने कांग्रेस के नमोनारायण को 111291 मतों से हराया था. जौनपुरिया को 644319 वोट और नमोनारायण मीणा को 533028 वोट मिले थे.

उदयपुर सीट : भाजपा के अर्जुनलाल मीणा ने कांग्रेस के रघुवीर सिंह मीणा को 437914 मतों से हराया था. अर्जुनलाल को 871548 और रघुवीर सिंह को 433634 वोट मिले थे.

कोटा सीट : भाजपा के ओम बिड़ला ने कांग्रेस के रामनारायण मीणा को 279677 मतों से हराया था. बिड़ला को 800051 और मीणा को 520374 वोट मिले थे.

शादी के कार्ड पर पप्पू यादव का नाम हुआ वायरल

अब पूर्णिया में होगा असली खेला

पूर्णिया। लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को पूर्णिया सहित 88 सीटों पर मतदान होगा. पप्पू यादव की वजह से सीमांचल के लोगों में लोकसभा चुनाव को लेकर काफी उत्सुकता देखी जा रही है. इसी बीच मांगलिक कार्य शादी विवाह के लग्न की भी शुरुआत हो चुकी है. 26 और 28 को तगड़ा लगन है. इसी बीच पूर्णिया में एक शादी का वायरल कार्ड खूब चर्चा का विषय बना हुआ है. दरअसल, शादी कार्ड के ऊपर पूर्णिया मांगे पप्पू यादव स्लोगन लिखा हैं. शादी कार्ड पर छपे इस स्लोगन को पढ़कर लोग भी 2 मिनट सोचने के लिए मजबूर हो जाते हैं. इस शादी कार्ड की खूब चर्चा हो रही है. दरअसल,यह शादी पूर्णिया जिला के सरसी थाना के जियनगंज दक्षिण पंचायत के वार्ड नंबर 14 के निवासी विनोद कुमार के सुपुत्र विनय कुमार की होनी है. 28 अप्रैल को शादी होनी है. जिसके लिए कार्ड वितरण किया जा रहा है।

पप्पू यादव के काम से प्रभावित होकर किया ऐसा

वहीं इस कार्ड की सच्चाई जानने के लिए लोकल 18 ने सरसी पहुंचकर दुल्हा विनय कुमार से बातचीत की. विनय कुमार कहते हैं की दल से नहीं दिल से पप्पू है. उन्होंने कहा कि नेता हो तो पप्पू यादव जैसा. उन्होंने कहा जाति धर्म से उठकर वह हर तबके के लोगों का सहारा बनने का प्रयास करते हैं. वह गरीबों के मसीहा के नाम से भी जाने जाते हैं. विनय सिंह कहते हैं कि वह पप्पू यादव की कार्य शैली से काफी प्रभावित रहते हैं. साथ ही साथ उसे गांव के कई लोगों ने भी उसकी खूब तारीफ की।

माता-पिता सहित परिजन ने बताई दिल की बात

लड़के की माता चांदनी देवी, पिता और चाचा मनोज यादव, अनु यादव सहित अन्य परिवार वालों ने कहा कि बेटा की शादी 28 अप्रैल को होनी है. शादी की तैयारी चल रही है. ऐसे में शादी से पहले लोकतंत्र और देश का महापर्व चुनाव है. इस चुनाव को संपन्न करने का प्रयास में लगे हैं. मौजूद सभी लोगों ने कहा की वह पप्पू यादव से बहुत उम्मीद करती हैं. पप्पू यादव की कार्यशैली उन्हें पसंद है. वह गरीबों के लिए दिन-रात एक कर देते हैं. एक फोन पर सबसे मिलने आते हैं।

लोकसभा चुनावी वॉच

अहंकारी हैं मोदी सरकार : प्रियंका

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मोदी सरकार को अहंकारी बताते हुए आज कहा कि अहंकारी सत्ता असली मुद्दों से ध्यान भटकाने, झूठ फैलाने और लोगों को भड़काने में लगी है लेकिन जनता इस साजिश को समझती है। श्रीमती वाड्रा ने ट्वीट कर कहा 'यह चुनाव जनता और झूठ की सत्ता के बीच है। जनता कह रही है कि वह बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक संकट से परेशान है लेकिन अहंकारी सत्ता असली मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने, झूठ फैलाने और भड़काने में लगी है।' उन्होंने कहा कि देश की जनता इस सरकार की असलियत को समझती है इसलिए उसने तय कर लिया है कि वह भटकाने की साजिश और भड़काने की राजनीति से छुटकारा पाकर रहेगी और इस लड़ाई में जनता जीतेगी, भारत जीतेगा। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी जी ने चित्रदुर्ग, कर्नाटक में विशाल जनसभा को संबोधित किया। कांग्रेस नेता ने कहा 'आज देश में बेरोजगारी 45 साल में सबसे ज्यादा है। महंगाई हद से ज्यादा बढ़ गई है लेकिन भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री सिर्फ ध्यान भटकाने में व्यस्त हैं। कांग्रेस की सरकार आपकी सरकार होगी जो सिर्फ आपकी भलाई के लिए काम करेगी।'

मोदी ने मंगलसूत्र और दाम्पत्य की गरिमा को गिराया : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंगल सूत्र संबंधी बयान को लेकर आज उनकी कड़ी आलोचना की और कहा कि उन्होंने न सिर्फ मंगल सूत्र का महत्व कम किया बल्कि दाम्पत्य की गरिमा को भी गिराया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी ने कांग्रेस के सत्ता में आने पर महिलाओं के मंगलसूत्र बेचने को लेकर जो बयान दिया है उससे उन्होंने, न दांपत्य के सूत्र की गरिमा रखी और, न मंगलसूत्र का महत्व रखा। उन्होंने कहा ÷मोदी जी, आपको भले ही सिंदूर और मंगलसूत्र का महत्व नहीं पता लेकिन इस देश के लोग इसका महत्व बखूबी जानते हैं। मंगलसूत्र दांपत्य जीवन का पावन और पवित्र प्रतीक है जो करोड़ों ब्याहताएं पहनती हैं और सारा जीवन उसे निभाती हैं।

मोदी ने नहीं किया गरीबों का भला: प्रवक्ता ने कहा मोदी जी, आपने गरीबों का कुछ भला नहीं किया। आपने गरीबों को कोविड में चिलचिलाती धूप में पैदल चलने को मजबूर किया। कोविड में गरीबों को दवाई और ऑक्सीजन के लिए दर-दर भटकाया। गरीबों को हवाई जहाज में बैठने का झूठा सपना दिखाया।

अर्जुन मुंडा, जोबा माझी और कालीचरण मुंडा ने किया नामांकन, रोड शो व सभाओं से दिग्गजों ने दिखाई ताकत

रांची-खूंटी-चाईबासा। झारखंड में 13 मई को लोकसभा की चार सीटों के लिए होनेवाले चुनाव के लिए मैदान सज रहा है. दिग्गज मैदान में उतर रहे हैं. मंगलवार को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने खूंटी लोकसभा सीट से पर्चा भरा. सिंहभूम लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की साझा प्रत्याशी जोबा माझी ने झामुमो की ओर से नामांकन किया. नामांकन पत्र भरने गये नेताओं ने अपनी-अपनी ताकत दिखायी. सभा आयोजित कर एक-दूसरे के खिलाफ गरजे.

जोबा मांझी के नामांकन में रहे मुख्यमंत्री चंपाई, कल्पना मौजूद

केंद्रीय मंत्री श्री मुंडा के नामांकन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे. वहीं जोबा माझी के नामांकन में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन सहित पार्टी के विधायक मौजूद थे. इस दौरान मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री बन्ना गुप्ता, सुखराम उरांव, मझगांव के विधायक निरल पुरती, जगन्नाथपुर से कांग्रेस विधायक सोनाराम सिंकू शामिल हुए. वहीं कालीचरण मुंडा के नामांकन में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अब्दुल मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर पहुंचे थे. नक्सल का रास्ता छोड़ राजनीति में आये पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने भी पलामू से नामांकन किया है.

वह बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं. इसके अलावा मंगलवार को पलामू से अभय कुमार भुइयां ने भाकपा से और वृंदा राम ने पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से पर्चा भरा है. झारखंड में चार सीटों पर होनेवाले चुनाव के लिए अब तक कुल 21 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है. सिंहभूम में अब तक छह उम्मीदवारों ने नामांकन किया है. खूंटी से चार उम्मीदवारों ने नामांकन किया है. लोहरदगा संसदीय सीट से कुल सात उम्मीदवारों और पलामू से कुल चार उम्मीदवारों ने नामांकन किया है.

खूंटी की जीत भगवान बिरसा मुंडा को नमन होगा : अर्जुन मुंडा

खूंटी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने जनसभा को संबोधित कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 400 पार का नारा दिया है, हमें उसे हकीकत में बदलना है. उन्होंने कहा कि खूंटी की पूरी जनता भाजपा की प्रत्याशी है और खूंटी की जीत भगवान बिरसा मुंडा को नमन करने के लिए होगा. उन्होंने कहा कि यह नामांकन खूंटी को विकसित बनाने के लिए है. खूंटी के जनमानस के आकांक्षाओं के लिए है. भगवान बिरसा मुंडा के सपनों का खूंटी बनाने के लिए है.

देश को बर्बाद करने पर तुली है भाजपा : जोबा माझी

शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए प्रत्याशी जोबा माझी ने कहा कि यह चुनाव आदिवासियों व मूलवासियों की पहचान बचाने के लिए है. जल, जंगल व जमीन आदिवासियों व मूलवासियों के रोम-रोम में बसी है, इसे लूटने नहीं देंगे. झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन ने समाज को आगे बढ़ाने के लिए लड़ाई लड़ी है. लोकतंत्र व संविधान को बचाना है, तो एक-एक मतदाताओं को संदेश देना होगा. भाजपा देश को बर्बाद करने पर तुली है.

पटना साहिब से मीरा कुमार के बेटे अंशुल अविजित होंगे कांग्रेस से उम्मीदवार

पटना साहिब। सीट के लिए अंशुल अविजित के नाम की घोषणा के साथ ही महागठबंधन के साथ बंटवारे में कांग्रेस को मिली सभी 9 सीटों पर नाम फाइनल हो गए हैं. कांग्रेस ने 9 में से तीन सीट पर सीनियर नेता या मंत्री को टिकट दिया है. जिसमें मीरा कुमार के बेटे अंशुल अविजित के अलावा नीतीश कुमार की सरकार में मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे सन्नी हजारी और प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के बेटे आकाश प्रसाद सिंह का नाम शामिल है।

रविशंकर प्रसाद से होगा मुकाबला

पटना साहिब सीट के लिए चर्चा में थे ये नाम

पटना साहिब सीट के लिए कांग्रेस में दावेदार के रूप में औरंगाबाद के पूर्व सांसद निखिल कुमार, कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष शशिरंजन, मीरा कुमार के बेटे अंशुल अविजित एवं मंजीत आनंद साहू के नाम की चर्चा थी. स्क्रीनिंग कमिटी ने इन नामों पर विचार विमर्श कर केंद्रीय चुनाव कमेटी को किसी एक नाम पर फैसला लेने की सिफारिश की थी. जिसके बाद कमिटी ने अंशुल अभिजित का नाम फाइनल कर दिया है।

बिहार में कांग्रेस की 9 सीटों पर उम्मीदवार

किशनगंज से मो. जावेद
कटिहार से तारिक अनवर
भागलपुर से अजित शर्मा
पश्चिम चंपारण से मदन मोहन तिवारी
मुजफ्फरपुर से सांसद अजय निषाद
महाराजगंज से आकाश प्रसाद सिंह
समस्तीपुर (सुरक्षित) से सन्नी हजारी
सासाराम (सुरक्षित) से मनोज कुमार

पलामू लोकसभा सीट

झारखंड के पूर्व डीजीपी वीडी राम ने भरा नामांकन

झारखंड में लोकसभा चुनावों को लेकर उम्मीदवारों का नामंकन जारी है. इसी क्रम में पलामू लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार व पूर्व डीजीपी बीडी राम ने आज अपना पर्चा दाखिल कर दिया. इस दौरान उनके साथ बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मौजूद थे. बीडी राम ने पर्चा दाखिल करने से पहले छह मुहान स्थित काली मंदिर में पूजा-अर्चना की।

नामांकन दाखिल करने के दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री व पूर्व सेना अध्यक्ष जनरल वीके सिंह भी मौजूद रहे. आपको बता दें कि पलामू लोकसभा सीट पर चौथे चरण में चुनाव है. पलामू सहित लोहरदगा, सिंहभूम, खूंटी में भी 13 मई को मतदान होने वाले हैं।

किसके विरुद्ध ठोकेंगे ताल

इंडिया गठबंधन से पलामू लोकसभा सीट आरजेडी के कोटे में गई है. आपको बता दें कि आरजेडी ने इस सीट से ममता भुइयां को चुनावी मैदान में उतारा है. ममता भुइयां हाल ही में आरजेडी में शामिल हुई थी. वीडी राम पलामू लोकसभा सीट से दो बार के सांसद हैं।

न्यूज गैलरी

कमिश्नर ने ली संभागीय समीक्षा बैठक : अधिकारियों को दी चेतावनी

बोल- ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या मिलने पर होगी कार्रवाई

शहडोल/नवप्रदेश। शहडोल संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने बुधवार को अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को पेयजल संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों का सतत रूप से भ्रमण करने और दूर-दराज के गांव में जाकर पेयजल व्यवस्था की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने अधिकारियों से कहा कि जहां हैंडपंप खराब हैं, नल जल योजनाएं बंद प?ी हैं, ऐसे जगहों में शीघ्र सुधार करें और लोगों को शुद्ध पेयजल समुचित मात्रा में उपलब्ध कराए। कमिश्नर ने शहडोल संभाग के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कर्मचारियों को ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण कर पेयजल व्यवस्था के संबंध में प्रतिदिन बात करने के निर्देश दिए।

हर गांव से दूर करें पेयजल समस्या

कमिश्नर ने कहा कि ग्रीष्म काल में हर एक गांव में पेयजल की समस्या का निराकरण करना हम सभी का लक्ष्य है। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि शहडोल संभाग के सभी नागरिकों और ग्रामीणों को समुचित पेयजल उपलब्ध हो, इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और जल निगम के अधिकारी-कर्मचारी समन्वय बनाकर निरंतर कार्य करें।

खाली पड़े तालाबों को भी भरे

कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन क्षेत्रों में पेयजल के स्त्रोत सूख गए हैं, ऐसे गांव में जहां पेयजल से भरे कूप हैं और नलकूप हैं, उनका अधिकरण करना सुनिश्चित किया जाए और ग्रामीणों को समुचित पेयजल उपलब्ध कराई जाए।

खराब हैंडपंप तत्काल सुधारें

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि ग्रीष्मकाल में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का मैदानी अमला सजगता के साथ कार्य करें। जहां नल जल योजनाएं और हैंडपंप खराब होने की शिकायतें मिलती हैं, ऐसी शिकायतों का निराकरण अधिकारी तत्काल कराना सुनिश्चित करें।

लापरवाही मिलने पर होगी कार्रवाई

कमिश्नर ने सभी अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की शिकायतें मिलने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इंदौर में रेस्क्यू किए गए घायल तेंदुए की मौत

इंदौर/महू/नवप्रदेश। इंदौर के पास महू से रेस्क्यू किए गए घायल तेंदुए की बुधवार देर दोपहर मौत हो गई। उसे बेहोशी की हालत में इंदौर जू लाया जा रहा था लेकिन रास्ते में ही दम तोड़ दिया। आपसी संघर्ष के कारण तेंदुए के सिर और पैर में चोटें आई थीं। घाव सात से आठ दिन पुराने हैं लेकिन गंभीर होने के कारण कीड़े पड़ गए। खासकर, सिर में पड़े कीड़े वह जुबान से साफ नहीं कर पा रहा था, इस कारण बीमार और कमजोर होता चला गया। पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कराया जा रहा है। इससे पहले, बुधवार दोपहर वन विभाग द्वारा उसे रेस्क्यू किया गया था। इसी दौरान घायल तेंदुए ने टीम पर हमला कर दिया। इसमें एक कर्मचारी घायल हो गया। उसके हाथ में चोट आई।

लंगड़ाकर चलते तेंदुए को ग्रामीणों ने सबसे पहले देखा था

महू के पास जानापाव में मंगलवार को तेंदुआ ग्रामीणों ने देखा था जो लंगड़ाकर चल रहा था। ग्रामीणों ने वीडियो शेयर किया तो वन विभाग ने माना कि तेंदुआ घायल है। उसके पैर में चोट होने से चलने में दिक्कत है। इसके चलते उसकी सर्चिंग की गई तो वह उसी क्षेत्र में बुधवार को मिल गया। एक्सपर्ट ने सलाह दी कि इसे रेस्क्यू करके लाना होगा और इलाज करना होगा। वन विभाग अधिकारी ने बताया कि घायल तेंदुए के रेस्क्यू के लिए इंदौर से टीम आई थी। जैसे ही तेंदुआ ट्रेस हुआ उसे ट्रेंकुलाइज करने के लिए शॉट गन से पोजिशन ली जा रही थी, तभी उसने वनकर्मी सोहनलाल पर झपट्टा मारकर दिया। सोहन के हाथ में तेंदुए के दांत लग गए। हालांकि, तेंदुए को बेहोश कर लिया गया लेकिन इंदौर जू लाते समय उसकी मौत हो गई।

तीन दिन से था नर तेंदुए का मूवमेंट

जानापाव में पंच मुखी हनुमान मंदिर के नजदीक बीते 3 दिनों से तेंदुए का मूवमेंट था। इसके घायल होने की जानकारी लगते ही बुधवार दोपहर उसका रेस्क्यू किया गया। सूचना मिलने पर इंदौर से डीएफओ, रेंजर और डॉक्टर सहित पूरी टीम पहुंच गई थी। डीएफओ महेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि मंगलवार को पिंजरा लगाया पर सफलता नहीं मिली। तेंदुए का रेस्क्यू किया गया। उसके पैर और सिर में चोट लगी थी। इससे पहले, जानापाव के ही जंगल में 7 दिन पूर्व मादा तेंदुए की फंदे में फंसने से तड़प-तड़पकर मौत हो गई थी। इसके बाद उसी इलाके में एक और घायल तेंदुए का मूवमेंट ग्रामीणों ने देखा। जिसके बाद वन विभाग की टीम ने यहां पर सचिंग

स्कूल में 11वीं की छात्रा की कार्डियक अरेस्ट से मौत: प्रोफेसर पिता बोले- प्रबंधन ने लापरवाही बरती

संचालक का जवाब- कोई लापरवाही नहीं की

बुरहानपुर/नवप्रदेश। बुरहानपुर के एक स्कूल परिसर में 11वीं की छात्रा को कार्डियक अरेस्ट आ गया। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। परिजन का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने छात्रा के बीमार होने की जानकारी सही तरीके से नहीं दी। वहीं, स्कूल संचालक का कहना है कि किसी तरह की लापरवाही नहीं की गई। घटना मंगलवार रात की है। छात्रा स्कूल परिसर में हॉस्टल में रहती थी। लालबाग थाना पुलिस ने बुधवार सुबह जिला अस्पताल में छात्रा के शव का पोस्टमॉर्टम कराया।

जानकारी के मुताबिक छात्रा यशस्वी (17) सेंधवा की रहने वाली थी। उसके पिता डॉ. लोहार ब्राम्हणे पीजी कॉलेज झाबुआ में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। डॉ. लोहार ब्राम्हणे ने बताया कि 28 मार्च को बेटी का एडमिशन मेक्रो विजन एकेडमी में कराया था। वह डॉक्टर बनना चाहती थी। हम उसे तैयारी के लिए छोड़कर गए थे। कल शाम 5 बजे उससे बात हुई तो उसने कहा बुखार है। हॉस्टल वार्डन के साथ जा रही हूं।

पिता बोले- वार्डन और स्कूल संचालक ने सही जानकारी नहीं दी

डॉ. लोहार ब्राम्हणे का कहना है कि डॉक्टर से बात हुई तो उन्होंने कहा, आपकी बच्ची का बीपी लो हो रहा है। एंजियोग्राफी करानी पड़ेगी। हमने कहा, अच्छे से इलाज कराओ। बाद में स्कूल प्रबंधन ने कहा, आप जल्दी आ जाओ। आपकी बच्ची की तबीयत बिगड़ रही है। इससे पहले हमें कभी नहीं बताया कि बेटी की तबीयत ज्यादा खराब है। स्कूल नहीं जा रही, हॉस्टल में रह रही है। हॉस्टल वार्डन और स्कूल संचालक ने सही जानकारी नहीं दी। या तो डॉक्टर ने हाई डोज दे दिया है, इसलिए हम पोस्टमॉर्टम कराने को तैयार हुए। एडमिशन के समय प्रबंधन ने कहा था, अगर आपका बच्चा बीमार होगा तो बुलाएंगे, लेकिन कभी भी स्कूल संचालक ने फोन नहीं लगाया। आखिरी समय तक बोलते रहे कि आपकी बच्ची बहुत अच्छी है। आपको आने की जरूरत नहीं है।

एकेडमी संचालक बोले- ईसीजी से पता चला सीविर अटैक

एकेडमी संचालक आनंद प्रकाश चौकसे ने कहा- यशस्वी ने कल शाम 4 बजे कहा कि सीने में दर्द हो रहा है। ईसीजी करने के बाद पता चला सीवियर अटैक है। इसकी जानकारी उनके फैमिली डॉक्टर को दी थी। उनसे वाट्सएप पर इजाजत ली। एंजियोग्राफी कराई तो रिपोर्ट में कुछ नहीं निकला। यशस्वी को आईसीयू में जाते समय सीवियर अटैक आया। 4 घंटे तक डॉक्टरों ने मेहनत की, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। हमने पुलिस को पहले ही खबर कर दी थी। आनंद प्रकाश ने कहा, हमारे यहां हर चीज रिकॉर्ड होती है। हॉस्टल से कब निकली। स्कूल में कब आई। पैरेंट्स से कितनी बात की। हजार कैमरे लगे हैं। हर चीच की रिकार्डिंग हो रही है। लापरवाही नहीं है, लेकिन घटना दुखद है।

टीआई बोले- पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है

लालबाग थाना प्रभारी अमित सिंह जादौन ने कहा, मेक्रो विजन एकेडमी में कल एक छात्रा की मौत हुई। उसका पोस्टमॉर्टम आज कराया गया। पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। अभी कुछ पता नहीं है। परिजन से भी अभी चर्चा नहीं हुई। जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

कार्डियक अरेस्ट से हुई मौत- डॉक्टर

ऑल इज वेल अस्पताल के डॉ. गगन के अनुसार छात्रा को दो-चार दिन से फीवर था। ईसीजी में हार्ट अटैक था जो नॉर्मली बच्चों को इस उम्र में नहीं आता। हार्ट की पंपिंग कम थी। पेरेंट्स को इसकी सूचना दी थी। उनके डॉक्टर को सूचना दी। उसे कॉर्डियक अरेस्ट हुआ। बीपी कम हुआ, तब हमने सीपीआर शुरू किया। धीरे-धीरे पेशेंट का बीपी बहुत कम होता चला गया। बचाने के लिए बड़ी मशक्कत की। उम्मीद की कि वो ठीक हो जाए।

गुना में भावुक हुई प्रियदर्शनी राजे

महिलाओं से बोलीं- महाराज हमेशा आपको पूछते हैं, आप नहीं; पिछला चुनाव हार गए थे सिंधिया

गुना/नवप्रदेश। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पत्नी प्रियदर्शनी राजे सिंधिया गुना में प्रचार के दौरान भावुक हो गईं। उन्होंने महिलाओं के एक कार्यक्रम में कहा, महाराज आपको हमेशा पूछते हैं कि सब ठीक है, आप कभी उनको नहीं पूछते।

प्रियदर्शनी 15 दिन से लोकसभा क्षेत्र में प्रचार कर रही हैं। वे डोर टू डोर लोगों से मिल रही हैं। बुधवार को उन्होंने गुना विधानसभा के कई इलाकों का दौरा किया। शहर से सटे कंचनपुरा से उन्होंने प्रचार की शुरुआत की। यहां उन्होंने ग्रामीण महिलाओं के साथ बैठक की।

बता दें, ज्योतिरादित्य सिंधिया 2019 का चुनाव भाजपा प्रत्याशी केपी यादव से हार गए थे। तब सिंधिया कांग्रेस के टिकट पर लड़े थे। इस बार उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी राव यादवेंद्र सिंह यादव से है।

महिलाओं से कहा- हमारा घर यहां, वो जाते भी तो कहां जाते

प्रियरदर्शनी ने कंचनपुरा में महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा, %जिसे काम करवाना पड़ता है, उसे बहुत झेलना पड़ता है। आप बताइए, आप खेती करते हैं, एक दिन में खेती निकलता है क्या? कभी रोना पड़ता है, कभी हंसना पड़ता है। महाराज आकर आपको पूछते हैं न कि आपकी खेती ठीक है, सब ठीक है, हो रहा है न काम...। आप लोग कभी महाराज से पूछते हैं? कभी नहीं पूछते महाराज को...।उन्होंने आगे कहा, इस बार मैं फिर आई हूं। जब महाराज आपके बीच आते थे, तो मैं बोलती थी कि क्यों जा रहे हैं आप? महाराजा ने बोला कि उनके पास नहीं जाऊंगा तो मैं कहां जाऊंगा, उनका काम नहीं करूंगा तो कौन करेगा? लेकिन, जब आप ये ताकत उनके हाथ से निकाल देते हैं, तो फिर आप भी कैसे जा सकते हैं उनके पास...। हमारा 300 वर्ष का रिश्ता है। महाराज क्यों यहां वापस आए? क्योंकि, हमारा घर यहां है। आप सब लोग यहां हैं, वो जाते भी कहां जाते।

अशोकनगर में खेला कैरम, शिवपुरी में चूल्हे पर रोटियां बनाईं

मंगलवार को प्रियदर्शनी अशोकनगर जिले ने थीं। यहां ग्राम बैसरवास में वह अचानक वाहन रोककर एक युवा के साथ उसके घर तक गईं। परिवार से मुलाकात की। करीब 30 मिनट तक कैरम भी खेला। इस बीच उन्होंने युवा से कहा, चीटिंग मत करो।

रविवार को चंदेरी जाते समय प्रियदर्शनी भैंसा गांव में रुकीं। यहां सिंधिया के प्रचार के लिए दीवार लेखन किया जा रहा था। उन्होंने वहां उतरकर पेंटिंग ब्रश थामा और दीवार लेखन किया। इस दौरान पेंटिंग कर रहे व्यक्ति ने उनसे कहा कि मैडम ब्रश मत छोड़ना। इस पर प्रियदर्शनी राजे सिंधिया ने उससे कहा, हां, मैं बिगाड़ दूंगी तो आप चिल्लाओगे मेरे ऊपर...।

शनिवार को शिवपुरी के पिछोर विधानसभा क्षेत्र में काली पहाड़ी इलाके में उन्होंने एक घर में जाकर चूल्हे पर रोटियां बनाई।

37 दिन में 244 करोड़ से अधिक मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के बाद पुलिस एवं अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि 16 मार्च से 22 अप्रैल तक 19 करोड़ 54 लाख 85 हजार 81 रुपये नगद राशि सहित 244 करोड़ 55 लाख 10 हजार 762 रुपये मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त की गयी हैं। गौरतलब है कि लोकसभा निर्वाचन-2019 में आदर्श आचरण संहिता के दौरान 85 करोड़ 12 लाख रुपये मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त की गयी थीं। लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचरण संहिता अवधि में मात्र 37 दिन में ही गत लोकसभा निर्वाचन की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक मूल्य की विभिन्न अवांछित सामग्री की जब्ती की जा चुकी हैं। 22 अप्रैल तक 22 लाख 72 हजार 657 लीटर से अधिक मदिरा भी जब्त की गयी है, जिसका मूल्य 33 करोड़ 77 लाख 34 हजार 911 रुपये है। इसी तरह 22 करोड़ 23 लाख 46 हजार 953 रुपये मूल्य के 16 हजार 715 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स और 11 करोड़ 59 लाख 64 हजार 619 रुपये मूल्य की 2 हजार 144 किलोग्राम से अधिक कीमती धातुएँ भी जब्त

ऑनलाईन कन्सलटेशन टेली-मेडिसिन के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया

29 व्यक्तियों को ऑनलाईन कन्सलटेशन के माध्यम से चर्मरोग संबंधी परामर्श एवं उपचार सुझाया गया

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं अध्यक्ष उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जबलपुर के न्यायाधिपति श्री विवेक अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में बुधवार को केन्द्रीय जेल भोपाल में परिरूद्ध बंदियों के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं गांधी मेडीकल कॉलेज ÷शासकीय हमीदिया अस्पताल÷ भोपाल के सुगम समन्वय से चर्मरोग विशेषज्ञ डॉ. नितिन पाण्डया द्वारा ऑनलाईन कन्सलटेशन ÷टेली-मेडिसिन÷ के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। ऑनलाईन चिकित्सकीय परामर्श में 10 दण्डित बंदी, 12 विचाराधीन बंदी, 6 महिला बंदी एवं एक बच्चे सहित कुल 29 व्यक्तियों को ऑनलाईन कन्सलटेशन के माध्यम से चर्मरोग संबंधी परामर्श एवं उपचार सुझाया गया।

जिला न्यायाधीश / सचिव भोपाल श्रीमती आरती शर्मा द्वारा व्यक्त किया है कि जेल में परिरूद्ध बंदियों के लिए इस प्रकार की ऑनलाईन कन्सलटेशन ÷टेली-मेडिसिन÷ प्रक्रिया से शीघ्र स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्राप्त होना, निश्चित ही मील का पत्थर साबित होगा।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमान अमिताभ मिश्र ने आव्हान किया है कि जेल बंदियों के हितार्थ ऑनलाईन स्वास्थ्य कन्सलटेशन ÷टेली-मेडिसिन÷ कार्यक्रम को नियमित किया जाए।

मोको करनो है मतदान कि पोलिंग ले चल लांगुरिया

पद्मा विद्यालय की छात्राओं ने संगीतमयी नृत्य नाटिका के माध्यम से दिया मतदान का संदेश

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन एवं कमिश्नर ग्वालियर डॉ. खाड़े की मौजूदगी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

पद्मा विद्यालय की छात्रा कु. कामाक्षी को बनाया स्वीप का ब्राण्ड एम्बेसडर

भोपाल/नवप्रदेश। ग्वालियर में मोको करनो है मतदान कि पोलिंग ले चल लांगुरिया लोकगीत की धुन पर स्थानीय शासकीय पद्माराजे कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने मतदान पर केन्द्रित संगीतमयी नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही सभी को मतदान जरूर करने का संदेश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन एवं कमिश्नर ग्वालियर डॉ. सुदाम खाड़े सहित कार्यक्रम में मौजूद सभी अधिकारियों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने इस प्रस्तुति की सराहना की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने इस अवसर पर सभी को लोकतंत्र के महापर्व 7 मई को अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करने की शपथ दिलाई। साथ ही स्वयं वोट डालने एवं अपने परिजनों, मित्रों व पड़ोसियों को मतदान के लिये प्रेरित करने का आह्वान किया। स्वीप (सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता) के तहत बुधवार को तानसेन रेसीडेंसी, ग्वालियर में हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में यह प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर श्री अरविंद सक्सेना, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री विवेक श्रोत्रिय, स्थानीय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान, पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं शहर के वरिष्ठ व युवा मतदाता मौजूद थे।

लोकसभा चुनाव में सभी बढ़-चढ़कर मतदान करें : राजन

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने कहा कि मतदान करने में ग्वालियर जिला पीछे न रहे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हम सभी को वोट के माध्यम से सरकार चुनने का अधिकार है। हम सभी को अपने वोट का उपयोग करना चाहिए। लोकसभा चुनाव में सभी बड़-चड़कर मतदान के लिये आगे आएं। सभी लोग न केवल स्वयं अपने मताधिकार का प्रयोग करें, बल्कि दूसरों को भी इसके लिये प्रेरित करें।

कामाक्षी बनीं ग्वालियर की ब्रांड एम्बेसडर

पद्मा विद्यालय ग्वालियर के आचार्य श्री बृजेश यादव के निर्देशन व छात्रा कु. कामाक्षी की कोरियोग्राफी में महिलाओं द्वारा संचालित पिंक बूथ सहित मतदान के महत्व को रेखांकित प्रस्तुति को सभी की खूब सराहना मिली। कमिश्नर डॉ. खाड़े ने इस उत्कृष्ट प्रस्तुति से खुश होकर कु. कामाक्षी को स्वीप का ब्राण्ड एम्बेसडर बनाने की घोषणा की। साथ ही कहा कि जिले में जगह-जगह इस नृत्य नाटिका का मंचन कराकर लोगों को मतदान के लिये प्रेरित कराया जायेगा।

सुविचार

कुछ नादान लोगों से भी दोस्ती बनाए रखना जरूरी है क्योंकि कठिन समय में समझदार दोस्त व्यस्त पाए जाते हैं। नादान दोस्त ही काम आते हैं। - अज्ञात

ममता सरकार को हाईकोर्ट से झटका

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पिछले कार्यकाल के दौरान शिक्षकों की भर्ती के नाम पर जो भारी भ्रष्टाचार हुआ था उसे लेकर कोलकाता हाईकोर्ट ने ममता सरकार को जोर का झटका दिया है। हाई कोर्ट ने 2016 में बंगाल में 24 हजार शिक्षकों की जो भर्ती की गई थी उसे रद्द कर दिया है। इस भर्ती के नाम पर भारी भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। और इस मामले की सीबीआई तथा ईडी ने जांच की थी। तात्कालीन शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया गया था। उस समय शिक्षा मंत्री और उनके करीबियों के ठिकानों पर छापे मारे गए थे। जिसमें 49 करोड़ नगद बरामद हुआ था। इस मामले में अब हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है और शिक्षकों की भर्ती को रद्द करने के साथ ही उन शिक्षकों से आठ साल का वेतन वसूल करने का भी आदेश दिया है। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद उन शिक्षकों के सामने इतनी मोटी रकम वापस करने का सवाल खड़ा हो गया है। इन शिक्षकों ने नौकरी पाने के लिए ही 10 से 15 लाख रुपए तक की रिश्वत दी थी। उनके वो पैसे तो डूब ही गए और 8 सालों में उन्होंने वेतन के रूप में जो लाखों रुपए प्राप्त किए थे वे भी खर्च हो गए। ऐसे में इतनी बड़ी रकम चुकाना उनके लिए मुश्किल हो जाएगा। कायदे से तो इस रकम की वसूली ममता बनर्जी सरकार से की जानी चाहिए। इधर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाईकोर्ट के फैसले को अवैधानिक बताते हुए इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की बात कही है। अब इस पर सुप्रीम कोर्ट कब तक और क्या फैसला लेगा इसका इंतजार करना होगा। तब तक उन 24 हजार शिक्षकों के सिर पर तलवार लटकती रहेगी। गौरतलब है कि इसके पहले भी ममता बनर्जी की सरकार पर कट मनी लेने और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में भारी भ्रष्टाचार करने के आरोप लगते रहे हैं। बहुचर्चित हजारों करोड़ के राशन घोटाले में हाल ही में टीएमसी के एक नेता शाहजहां शेख को गिरफ्तार किया गया है। जो इन दिनों जेल की हवा खा रहा है। उसके खिलाफ जब ईडी ने कार्यवाही की थी तो वह फरार हो गया था। और ममता सरकार पर उसे संरक्षण देने का आरोप लगा था। बाद में हाईकार्ट के दखल के बाद ही शाहजहां शेख की गिरफ्तारी हो पायी थी। अब ममता सरकार शिक्षक भर्ती घोटाले के आरोप में घिर गई है। हाईकोर्ट के फैसले के बाद अब यह बात स्पष्ट हो गई है कि शिक्षक भर्ती के नाम पर भी करोड़ों का घोटाला हुआ था और इसे घोटाले की एक बड़ी राशि तात्कालीन शिक्षा मंत्री की एक महिला मित्र के घर से बरामद की गई थी । अब देखना होगा कि उन 24 हजारों शिक्षकों का क्या होगा जिनका भविष्य अंधकारमय हो गया है। लोकसभा चुनाव के दौरान बंगाल में शिक्षा भर्ती घोटाला एक बड़ा मुद्दा बन जाएगा। भाजपा इसे लेकर ममता बनर्जी सरकार को कटघरे में खड़ा करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेगी ऐसे में ममता बनर्जी को लेने के देने पड़ जाए तो कोई आश्चर्य नहीं होगा।

निर्विरोध निर्वाचन पर सवालिया निशान क्यों

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के पहले ही गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल निर्विरोध चुनाव जीत गए हैं। इस पर कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियां सवालिया निशान लगा रही हैं। और भाजपा पर तानाशाही करने का आरोप लगा रही हैं। उनका यह आरोप वाकई समझ से परे है। इसके पूर्व आजादी के बाद से विभिन्न राज्यों में समय समय पर लगभग दो दर्जन सांसद निर्विरोध निर्वाचित होते रहे हैं। इनमें से ज्यादातर निर्विरोध सांसद कांग्रेस के शासन काल में कांग्रेस पार्टी के ही रहे हैं। चुनाव में यदि कोई प्रत्याशी गलत नामांकन पत्र भरेगा तो उसका पर्चा रद्द होना स्वाभाविक है। ऐसी स्थिति में दूसरा प्रत्याशी अपने आप निर्विरोध विजयी घोषित हो जाता है। सूरत में कांग्रेस के प्रत्याशी निलेश कुंभाणी ने अपने नामांकन पत्र में गवाहों के जो नाम दिए थे उनके हस्ताक्षरों में गड़बड़ी पाई गई इसलिए उनका पर्चा रद्द हो गया। सूरत सीट से जिन 8 निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। उन्होंने स्वेच्छा से अपना नामजदगी का पर्चा वापस ले लिया। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल का निर्विरोध सांसद चुना जाना कैसे गलत हो सकता है। किन्तु विपक्षी पार्टियां इसे लेकर व्यर्थ का बवाल खड़ा करने की कोशिश कर रही हैं। जिससे उन्हें कोई लाभ नहीं होगा। जिस कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन पत्र रद्द हुआ है। उसके बारे में चर्चा तो यह है कि वह कांग्रेस की टिकट पर सूरत लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ना ही नहीं चाहता था । क्योंकि 1980 से ही सूरत लोकसभा क्षेत्र भाजपा का अभेद्य गढ़ बनी हुई है। ऐसे में यह संदेह होता है कि कांग्रेस प्रत्याशी ने जानबूझकर अपना गलत नामांकन पत्र दाखिल किया था। ताकि वह रद्द हो जाए और चुनाव लड़ने से बच जाए। यह संदेह इसलिए भी सही लग रहा है क्योंकि कांग्रेस का वह प्रत्याशी लापता हो गया है। इसके बावजूद कांग्रेस इस मामले को उछाल रही है और ऐसा करके वह अपनी स्थिति को और भी हास्यास्पद बना रही है।

प्रेरक प्रसंग

संकल्प शक्ति

राजा राममोहन राय तब बालक ही थे। उन दिनों सती प्रथा पूरे जोर पर थी। उनके बड़े भाई की मृत्यु हो गई हो, प्रथा के अनुसार उनकी भाभी को सती होने पर बाध्य किया गया। धधकती ज्वालाओं में जिंदा शरीर को झोंक दिया गया। वेदना से छटपटाकर वह चिता से बाहर दौड़ी। पर क्रूर प्रथा पालकों ने उसे बाँसों से ढकेलकर फिर चिता में डाल दिया। जीवन का यह करुण-वीभत्स अंत देखा न गया। हृदय चीत्कारें सुनकर विगलित हो गया। मस्तिष्क में एक विरोध की भावना उठी, उस अमानवीय प्रथा के प्रति।

उन्होंने संकल्प लिया-जब तक इस पिशाचिनी प्रथा का अंत न कर दूँगा, चैन से न बैठूंगा और उन्होंने वह कर दिखाया। एकत्रित कर पाया। अब उन्होंने विलायत जाने के लिए पासपोर्ट प्राप्त करने का प्रयत्न किया। बडी कोशिशों के बाद उन्हें वह मिला, किंतु वह पड़ा उनके बड़े भाई श्री विठ्ठल भाई के हाथ। उनका मन ललचा आया। बड़े भाई बी. जे. पटेल थे। अतः बड़े भाई ने कहा- मैं बड़ा हूँ। पहले मुझे बैरिस्ट्री पास कर आने दो। तुम बाद में जाना। इतने वर्षों का श्रम, साधना प्रयत्न तथा प्रतीक्षा सब निरर्थक गया, किंतु वल्लभ भाई वास्तव में ही आदर्श व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने सहर्ष वह पासपोर्ट अपने बड़े भाई को दे दिया और स्वयं तीन वर्ष पश्चात, जब वे लौट आये तब गये।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:50, सूर्यास्त : 06:47, चन्द्रोदय : 19:21

अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय)

ऋतुः : ग्रीष्म, शक सम्वतः : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः : 2081 (काल), मास : वैशाख, पक्ष : कृष्ण, तिथि : द्वितीया, नक्षत्र : विशाखा, योग : व्यतीपात, प्रथम करण : बालव (18:05 तक), द्वितीय करण : कौलव (पूर्ण रात्रि)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : तुला, मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल : 15:06 से 16:50, विजय मुहूर्त : 14:30 से 15:23, गोधूलि मुहूर्त : 18:51 से 19:13, सायाह्न सन्ध्या : 18:52 से 19:58, निशिता मुहूर्त : 23:57 से 24:41, राहुकाल : 15:00 से 16:30, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड : 07:25 से 09:03, होमाहुति : चन्द्र (24:41 से मंगल), दिशाशूल : उत्तर, अग्निवास : आकाश, चन्द्रवास : पश्चिम, शिववास : गौरी के साथ।

उत्कर्ष गहरवार

वीवीपैट का दायरा बढ़ाने की जरूरत

2019 के लोकसभा चुनावों से पहले यह मामला एक बार फिर जोरदार ढंग से उठा। तब सुप्रीम कोर्ट में पिटिशन के जरिए मांग की गई कि हर लोकसभा क्षेत्र में 50 फीसदी ङ्कक्रज पर्चियों का मिलान किया जाए। इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टिट्यूट का कहना था कि अगर बिना किसी तय आधार के यूं ही चुन लिए गए 479 श्वङ्करूका ङ्कक्रज से मिलान किया जाता है तो 99 फीसदी सटीक नतीजे आ सकते हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि वह इससे आठ गुना ज्यादा श्वङ्करूलेता है। फिर भी सुप्रीम कोर्ट ने ङ्कक्रज मिलान का दायरा पांच गुना और

अभी हर विधानसभा क्षेत्र से 5 EVM की VVPAT पर्चियां मिलान के लिए ली जाती हैं। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में हर वोट के मिलान की मांग की गई है। दिक्कत यह है कि VVPAT की पर्चियों के मिलान में वक्त लगता है। लेकिन सवाल चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता का हो तो वक्त कोई मसला नहीं होना चाहिए।

देश में 18वीं लोकसभा के लिए होने वाले सात चरणों का मतदान आज से शुरू हो गया शुक्रवार को पहले चरण की वोटिंग के लिए सारी तैयारियां हो चुकीं । लेकिन दिलचस्प है कि मतदान से ठीक पहले तक सुप्रीम कोर्ट में चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता से जुड़े मामले पर सुनवाई होती रही। मसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में डाले गए वोटों के वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल पर्चियों से मिलान का है। कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

पुराना मसला : निश्चित रूप से मुद्दा अहम है और पुराना भी। EVM के जरिए वोटिंग की शुरुआत 2004 के लोकसभा चुनावों में हुई थी। तब से सरकारें बदलती रहीं, लेकिन EVM की गड़बड़ियों के आरोप लगते रहे। इस बार सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान यह बात पहले ही स्पष्ट कर दी कि बैलट पेपर की ओर वापसी का विकल्प नहीं है। लेकिन उसने यह भी कहा कि चुनाव प्रक्रिया की शुचिता और उसकी विश्वसनीयता से किसी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता।

VVPAT के बाद- EVM की विश्वसनीयता के सवाल से जूझते हुए ही 2013 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से VVPAT लाया गया। इससे मतदाताओं को यह देखने का मौका मिलता है कि उनका वोट उसी को गया है जिसे वह देना चाहते थे। इसने निश्चित रूप से EVM की विश्वसनीयता बढ़ाने वाले एक टूल के रूप में अपनी जगह बनाई है, लेकिन विवाद का कोई सर्वमान्य हल उसके बाद भी नहीं निकल सका।

दायरा बढ़ाया : 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले यह मामला एक बार फिर जोरदार ढंग से उठा। तब सुप्रीम कोर्ट में पिटिशन के जरिए मांग की गई कि हर लोकसभा क्षेत्र में 50 फीसदी VVPAT पर्चियों का मिलान किया जाए। इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टिट्यूट का कहना था कि अगर बिना किसी तय आधार के यूं ही चुन लिए गए 479 EVM का VVPAT से मिलान किया जाता है तो 99 फीसदी सटीक नतीजे आ सकते हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि वह इससे आठ गुना ज्यादा EVM लेता है। फिर भी सुप्रीम कोर्ट ने VVPAT मिलान का दायरा पांच गुना और बढ़ाने को कहा।

वक्त कोई मसला नहीं : बावजूद इसके, मामला अभी भी फंसा हुआ है। अभी हर विधानसभा क्षेत्र से 5 EVM की VVPAT पर्चियां मिलान के लिए ली जाती हैं। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में हर वोट के मिलान की मांग की गई है। दिक्कत यह है कि VVPAT की पर्चियों के मिलान में वक्त लगता है। लेकिन सवाल चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता का हो तो वक्त कोई मसला नहीं होना चाहिए। यूं भी 2004 में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया तीन सप्ताह में पूरी हुई थी। इस बार उसके लिए छह सप्ताह का वक्त लिया जा रहा है। जब वोटिंग में इतना समय लिया गया तो थोड़ा वक्त काउंटिंग में भी लगने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए। बेहतर होगा चुनाव आयोग अपनी तरफ से VVPAT मिलान का दायरा बढ़ाने पर विचार करे।

ग्रीन कार्ड का लंबा इंतजार... अमेरिका में भारतीयों की बढ़ती चाह के मायने क्या

अमेरिका की नागरिकता हासिल करने के मामले में वहां रहने वाला भारतीय समुदाय अब दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक साल 2022 में 65,960 भारतीयों को आधिकारिक तौर पर अमेरिकी नागरिकता प्रदान की गई। इसके बाद अमेरिका में नए नागरिकों के स्रोत के रूप में भारत मेक्सिको के बाद दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया। मगर ये आंकड़े न तो अमेरिका में नागरिकता या ग्रीन कार्ड हासिल करने का इंतजार कर रहे भारतीयों की स्थिति बयां करते हैं और न ही उनकी समस्याओं को समझने में कोई मदद करते हैं।

ग्रीन कार्ड के लिए लंबा इंतजार : साल 2023 के आंकड़े देखें तो वहां भारतीय मूल के 2,90,000 ऐसे लोग रह रहे हैं जिनके पास बाकायदा ग्रीन कार्ड या LPR (लीगल परमानेंट रेसिडेंसी) है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो वे ऐसे लोग हैं जो अमेरिकी नागरिकता हासिल करने की संभावित पात्रता रखते हैं, लेकिन उनकी बारी नहीं आ रही। इसके अलावा डिपेंडेंट्स को मिला लिया जाए तो करीब 12 लाख भारतीय ऐसे हैं जो अमेरिका में ग्रीन कार्ड के इंतजार में बैठे हैं। इनका एक अच्छा खासा हिस्सा हाईली स्किल्ड की श्रेणी में आता है।

पेंडिंग निपटाने में तेजी : हालांकि हाल के वर्षों में नागरिकता आवेदनों के बकाया मामलों को निपटाने में तेजी आई है। 2020 के आखिर में लंबित आवेदनों की संख्या 943,000 हो गई थी जो 2021 में 840,000, 2022 में 550,000 और 2023 में करीब 408,000 तक आ गई थी। मगर लंबित आवेदनों को निपटाने की प्रक्रिया में आई तेजी से ग्रीन कार्ड के लिए लगी भारतीयों की कतार कम करने में खास मदद नहीं मिलने वाली। ष्टक्रस्न की 2020 की एक रिपोर्ट के आकलन के मुताबिक साल 2030 तक एम्प्लॉयमेंट बेस्ड ग्रीन कार्ड की टॉप तीन कैटिगरीज में भारतीयों के लंबित आवेदन की संख्या 21 लाख को पार कर जाएगी जिसे निपटाने में मौजूदा कानूनी प्रक्रियाओं के मुताबिक दो सौ साल लगेंगे।

क्या है कानूनी अड़चन? - असल में एम्प्लॉयमेंट बेस्ड ग्रीन कार्ड के लिए लंबे इंतजार के पीछे मुख्यतया मौजूदा अमेरिकी कानूनों के दो प्रावधानों की भूमिका है।

आज का इतिहास

25 अप्रैल 1809 में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और पंजाब के सिख शासक रणजीत सिंह के बीच अमृतसर संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे। 1867 में जापान की राजधानी टोक्यो में आज ही के दिन विदेशी व्यापार की अनुमति दी गई थी। 1905 में आज ही के दिन दक्षिण अफ्रीका में श्वेतों को मताधिकार मिला था। 1925 को 25 अप्रैल को ही पॉल वोन हिंडनबर्ग जर्मनी के राष्ट्रपति चुने गए थे। 1957 में आज ही के दिन सोडियम परमाणु रिएक्टर पहली बार संचालित किया गया था। 1975 में सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया था। 1982 में आज ही के दिन दिल्ली में टेलीविजन पर पहली बार रंगीन प्रसारण की शुरुआत हुई थी। 1983 में जर्मन पत्रिका 'स्टर्न' ने हिटलर की विवादास्पद डायरी की पहली किस्त छापी थी। 1989 में इथियोपिया में दिमागी बुखार से 20 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। 2005 में जापान में हुई रेल दुर्घटना में 100 लोगों की जान चली गई थी। 2008 को आज ही के दिन बालीवुड के प्रसिद्ध कलाकार व निर्देशक आमिर खान को सिनेमा के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए मास्टर दीनानाथ मंगेशकर स्मृति प्रतिष्ठान का विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

चलते चलते अगर थक

चलते चलते अगर थक गए तो आराम कर लेना रुकना नहीं हैं बस चलते रहना है राहों में अनेक कठिन समय आता है हंसकर बस चलते रहना है बहुत से ऐसे लोग हैं जो जन्म लिए मर भी गए और लोग उन्हें अब भूल भी गए तुम्हें याद रखे ये जहां ऐसा कुछ करना है

- लक्ष्मी नारायण लहरे

कितना यथार्थ है ये वाक्य

कितना यथार्थ है ये वाक्य प्रेम इंसान को बांधता है, लेकिन मुक्त भी करता है राधा ने खुद को बांध लिया कृष्णा को खुद से मुक्त किया, राधा तो खुद में सिमट गई कृष्णा संसार में विचर गए

- अल्पना श्रीवास्तव

ख़ास पाती | आइनों से नहीं है दुशमनी मेरी

आइनों से नहीं है दुशमनी मेरी, अक्स से अपनी डरती ज़िन्दगी मेरी। सब्ज गुलशन समझ बैठा मै सहरा को अब कहां से बुझेगी तशनगी मेरी। शमअ के प्यार मे मै जल चुका इतना मर के भी तप रही है खुदकुशी मेरी। चांद को बादलों ने फिर छिपाया है, अब मदद किससे लेगी चांदनी मेरी। वे पुजारी हैं धन के हम ग़रीबी के, ऐसे में बच न पायेगी खुदी मेरी। मै बड़ी से बड़ी खुशियों को पकड़ लाया दूर जाती गई छोटी खुशी मेरी। तू नहीं तो नशा काफूर है दानी , इक नज़र ही तुम्हारी मयकशी मेरी।

- संजय दानी

मैंने सीखा है किताबों से इश्क़ ज़िंदगी

मैंने सीखा है किताबों से इश्क़ ज़िंदगी से करना अब सीख रही हूँ जीना... ! उसने दी तालीम लोगों संग कैसे है रहना कितनी करनी हैं बातें और कितना चुप रहना कि आसानी से कट जाता है ये ज़िंदगी का सफ़र इस सफ़र में बस किताबें संग रखना कि बस वहीं हैं जो हाथ छुड़ाकर नहीं जातें बस हमें ही आता नहीं उनके संग जीना.....

- शिल्पी अग्रवाल

गुपचुप बेचने वालों से मेरी एक शिकायत

गुपचुप बेचने वालों से मेरी एक शिकायत है ये भाई लोग अपनी दुकान में जब बिन ग्राहकी के खाली बैठे होते हैं उस समय गुपचुप में छेद करके क्यों नही रखते भला जब हम पांच छह लोग खाने जाते है तो इन्हें गुपचुप को बीच मे छेद करते देख इंतजार सहन नहीं होता भाई। **- संत आर थवाइत**

राजनीति अजब गजब रंग दिखाती है

राजनीति अजब गजब रंग दिखाती है राजनीति के चक्कर में राजनेता से न जाने क्या क्या सवांग करवाती है। चुनाव आता है , हाथठ्ठपांव जोड़ ,राजनेता कभी बेटा , कभी बाप तो कभी, भाई और दोस्त बन, मतदाता से रिश्तेदारी खूब निभाता है । ऐ सी में चलने वाला, चिलचिलाती धूप में, बरसते बादल में, कड़कती ठंड में, हाथ जोड़े मुस्कुराता, मतदाता को रिझाता है । छप्पन भोग खाने वाला धूल-धूसरित जमीन पर , मतदाता के बीच पाँव पसारे बैठ , सूखी रोटी को भी , मन मसोसकर , मुस्कुरा ,मुस्कुरा खाता है । चुनाव आता है , दुर्लभ राजनेता , घर घर सुलभ हो जाता है ।

- वर्षा ठाकुर

धन का अकड़, ज्ञान का अकड़

धन का अकड़, ज्ञान का अकड़ , समृद्धि का अकड़। अकड़ विद्या का अकड़ बुद्धि का अकड़ बल का। अकार निर्धनता का भी अकड़ निर्बलता का भी अकड़ दीनता का भी। और तो और सत्य का भी अकड़ प्रेम का भी अकड़ करुणा का भी अकड़। अकड़ अकड़ अकड़। किस बात का अकड़। गज़ब है अकड़ जब तक है अकड़ तब तक परमात्मा पर कहाँ पकड़। **- राकेश मिश्रा**

वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के इंस्टेंट उपाय :

वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के इंस्टेंट उपाय : बूथ पर खाने-पीने की व्यवस्था रखी जाए, हमारे देश में मुफ्तखोरी मानसिकता तो खूब हैं हीं, ऐसी व्यवस्था होने पर तुलनात्मक रूप से ज्यादा लोग वोट देने जाएंगे और इस प्रबंध में चुनाव प्रचार से तो कम खर्च ही होगा। **- मिनाक्षी सिंह**

QUIZ TIME

1) भीमा नायक का संबंध किस रियासत से था?

2) रामचन्द्रिका किसकी प्रसिद्ध रचना है?

3) साइबर सुरक्षा में एक फायरवॉल का क्या उद्देश्य है?

4) हाल ही में, कौन सा देश मेनिनजाइटिस के लिए वैक्सीन तैयार करने वाला पहला देश बन गया है?

5) हाल ही में, कौन सा भारतीय स्टेडियम नई हाइब्रिड पिच वाला पहला बीसीसीआई मान्यता प्राप्त स्थल बन गया है ?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) बड़वानी (2) केशवदास (3) एक नेटवर्क की अनमिलकृत पहुँच को अवरुद्ध करना (4) नाइजीरिया (5) हिमाचल प्रदेश जिकेट एसोसिएशन स्टेडियम

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज दिन के प्रथम भाग मे आप किसी कार्य को लेकर भाग्य के भरोसे रहेंगे लेकिन आज आपको भाग्य पक्ष का साथ बहुत कम मिलेगा।

वृषः आज के दिन आपके आस पास की परिस्थिति पल पल में बदलती रहेंगी। अन्य लोगो की देखा देखी के चक्कर मे मानसिक रूप से अशांत रहेंगे।

मिथुनः आज का दिन बीते दिन की तुलना में थोड़ा ठीक रहेगा लेकिन आज आर्थिक एवं पुराने पारिवारिक उलझनों के चलते किसी न किसी से गरमा गरमी होने की संभावना है।

कर्कः आज आपको किसी पुरानी गलती अथवा गुप्त रोग का भय मन ही मन सताएगा लेकिन मामला अंदरूनी होने के कारण किसी से बांट नही सकेंगे।

सिंहः आज का दिन आपके लिये धन लाभ वाला रहेगा लेकिन आज आर्थिक मामलों में सतर्कता बरतने की भी आवश्यकता है।

कन्याः आज का दिन सामान्य ही रहेगा मन मे।यात्रा की योजना दिन भर लगी रहेगी लेकिन किसी न किसी कारण से आगे के लिये टालनी पड़ेगी।

तुलाः आज के दिन आपका चाल चलन एवं व्यवहार परिजनों के मन मे शंका पैदा करेगा। विपरीत लिंगीय आकर्षण अधिक रहेगा।

वृश्चिकः आज के दिन आपकी लापरवाह कार्य शैली के कारण सार्वजनिक क्षेत्र पर अपमानजक स्थिति बन सकती है।

धनुः सार्वजनिक क्षेत्र पर आज आपके लाभ के संबंध बनेंगे लेकिन इनसे तुरंत लाभ उठाने के प्रयास ना करें अन्यथा संबंध ज्यादा देर नहीं टिकेंगे।

मकरः आज परिस्थिति अन्य दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाली है किसी भी कार्य मे लाभ पाने के लिये सनकी स्वभाव त्यागना पड़ेगा।

कुंभः आज के दिन भी धार्मिक भावनाएं जागृत रहने से दिन की मुश्किल परिस्थितियां भी ज्यादा विचलित नही कर पाएंगी।

मीनः आज भी दिन में मध्यान तक सेहत सम्बन्धित समस्या परेशान करेंगी बीच मे।थोड़ा बहुत सामर्थ्य बनने पर भी बहाना बनाकर परिश्रम करने से बचेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -037

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. रूचिकर लगने वाली, रुचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

ऊपर से नीचे

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, गाला 5. गुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. आंशिक, ज्यादा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 036 का हल

ज	ल		आ	वा	जा	ही		
मा		खू	ब		दू	र	स्थ	
ना	दा	न		सा	ग		ल	क्ष्य
	न	ख		त	र	ल		
	बी	रा	न			च	ट	क
	र	ब		आ	ज	क	ल	
			आ	ग		दा	ना	
	अ	ग	र	म	ग	र		क्रो
भा	भी		ती	न			व	ध

देवव्रत के नाम पर वोट हासिल करना चाह रहे पूर्व सीएम बघेल

आरोप- स्व. देवव्रत की विधवा को पूर्व सीएम ने पहचानने से किया इनकार, वहीं तलाकशुदा को पत्नी बताकर दिवंगत की आत्मा को पहुंचा रहे ठेस

जनता को गुमराह कर वोट बटोरना चाह रहे हैं राजनांदगांव के प्रत्याशी भूपेश बघेल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में अपने चुनावी प्रचार प्रसार के दौरान आम जनता को गुमराह करते हुए, मेरे स्वर्गीय पति पूर्व विधायक राजा देवव्रत सिंह के नाम का गलत तरीके से इस्तेमाल कर वोट बटोरने में लगे हुए हैं। यह बातें देवव्रत सिंह की पत्नी विभा देवी ने राजनांदगांव में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कही। विभा देवी ने कहा कि कुछ दिनों पूर्व उन्हें एक वीडियो फुटेज सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुआ है जिसमें राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के खैरागढ़ जिला में चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवं स्वंय भूपेश बघेल के द्वारा पद्मा देवी को पूर्व विधायक स्वर्गीय राजा देवव्रत सिंह की वर्तमान पत्नी बता कर आम जनता को गुमराह कर भूपेश बघेल के लिए वोट मांगा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जबकि पद्मा देवी ने वर्ष 2011 में 110000000/ (अक्षरी ग्यारह करोड़) की राशि लेकर राजा देवव्रत सिंह और बच्चों व क्षेत्र की आम जनता को बेसहारा छोड़ कर चली गई थी। जिसके बाद पद्मा देवी ने उत्तराखंड राज्य के नैनीताल अल्मोड़ा निवासी नितिन पंथ के साथ शादी कर दिल्ली में ही उनके साथ रहती है। परंतु अब वह अपने निजी स्वार्थ के चलते फिर से खैरागढ़ जनता के बीच आकर अपने आप को स्वर्गीय राजा देवव्रत सिंह की पत्नी बताकर भूपेश बघेल के लिए वोट मांग रही हैं। जब उनके पति देवव्रत सिंह कांग्रेस में थे तब कांग्रेस पार्टी के द्वारा उनको बार-बार बेइज्जत कर खून के आंसू रुलाया गया। जिसके चलते उन्होंने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया था, आज उनके नाम का इस्तेमाल कर पद्मा देवी एवं भूपेश बघेल उनकी आत्मा को और मेरी भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। जब मेरे पति पूर्व विधायक स्वर्गीय देवव्रत सिंह की मृत्यु उदयपुर (छुईखदान) में हुई तब मैं दिल्ली में थी, जब मुझे उनके मृत्यु की सूचना मिली तो मैं आनन-फानन में उदयपुर पहुंची, जबकि मेरे पति का स्वास्थ्य मेरे दिल्ली जाने से पहले सेहत बेहतर थी। उन्हें किसी भी प्रकार की बिलकुल भी कोई परेशानी नहीं थी। जिसके चलते मुझे उनकी आकस्मिक मृत्यु पर संदेह हुआ तो मैंने उनके मृत्यु की जांच कराने की बात की। भूपेश बघेल के संरक्षण में पद्मा देवी और कांग्रेस के गुंडों ने मिल कर महल में बलवा करवा कर तोड़ फोड़ कि या। उन पर जान लेवा हमला कराया गया।

पद्मा फर्जी हस्ताक्षर कर काम कर रहीं

राजा साहब के निधन के बाद लगातार उनका फर्जी दस्तखत कर पदमा फर्जी काम कर रही है जिसकी पूर्व में शिकायत की किंतु उस पर कोई एक्शन क्यों नहीं लिया। कांग्रेसी नेताओं ने राजा साहब की संपत्ति राजा की होती है मुझे बोलकर, मुझे मेरे ही घर से बाहर जाने को क्यों बोला ? जिसका मेरे पास ऑडियो है। तलाकशुदा औरत पदमा को स्वर्गीय राजा देवव्रत सिंह की पत्नी खैरागढ़ की आमजनता क्यों बताया जा रहा है? स्वर्गीय देवव्रत के कार्यकाल में 3 साल में जब वह विधायक थे तो पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एक भी बार क्या कारण है कि क्षेत्र में दौरा नहीं किये थे क्यों

राजा साहब देवव्रत सिंह के और उनके परिवार के वजूद को मिटाने की कोशिश की जा रही है। इससे बच्चों का भविष्य अंधकार में दिखाई पड़ रहा है।

विभा ने पूछे सवाल

विभा देवव्रत सिंह ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल से मीडिया के माध्यम से कुछ सवाल पूछना चाहती हैं भूपेश बघेल बताएं... स्व. राजा साहब की सुरक्षा कर्मी जो थे उनको पदमा सिंह को क्यों दे दिया गया ? मेरे निजी सुरक्षा कर्मियों को क्यों हटाया गया ?

राजा साहब की निजी चार पहिया वाहन में पुलिस ने जैमर क्यों लगाया? उदयपुर में जो बलवा हुआ वह पूर्व से सुनियोजित था जिसकी जानकारी पूर्व शासन को थी उसके बाद भी व्यापक भीड़ इकट्ठा कैसे हो गई?. उदयपुर में उन पर जानलेवा हमला हुआ। उन्हें जान से मारने की कोशिश क्यों की गई।

पूर्व सीएम बघेल, डीजीपी और एसपी को सुरक्षा के लिए पत्रः विभा सिंह ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल, डीजीपी और एसपी राजनांदगांव को पत्र लिखकर लगातार सुरक्षा की मांग की गई। किंतु सुरक्षा हमला करने वालों को दी गई।

संदिग्ध मृत्यु पर पोस्टमार्टम नहीं

देवव्रत सिंह की निजी वाहन में संदिग्ध रूप से ही मृत्यु हो गयी थी उसके बाद भी पोस्टमार्टम क्यों नहीं किया गया ? राजनांदगांव के एसपी को पत्र लिख कर राजा साहब की आकस्मिक मृत्यु की जांच करने निवेदन किया गया किंतु नहीं किया गया। स्व. राजा साहब का मोबाइल वर्तमान में कहाँ है।

चापड़ लेकर कॉलेज पहुंचा छात्र गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर के इंजीनियरिंग कॉलेज में चापड़ लेकर एक दूसरे छात्र को डमकाने वाले आरोपी छात्र को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी मिलते ही पुलिस कॉलेज पहुंच गई और हथियार (लोहे का चापड़) बरामद कर छात्र को गिरफ्तार कर लिया है। मामला कोनी थाना क्षेत्र का है। थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने बताया कि इंजीनियरिंग कॉलेज के हॉस्टल के कमरे में कुछ दिनों पहले आग लग गई थी, जिसे लेकर छात्रों के दो गुटों में विवाद चल रहा है। छात्र एक-दूसरे पर आग लगाने का आरोप लगा रहे हैं। इसके चलते उनके बीच विवाद की स्थिति बन गई थी। मंगलवार की दोपहर पुलिस को जानकारी मिली कि एक छात्र इंजीनियरिंग कॉलेज में धारदार हथियार लेकर पहुंच गया है और छात्रों को धमका रहा है। खबर मिलते ही पुलिस कॉलेज पहुंची और रायपुर जिले के तिल्दा थाना क्षेत्र के कुटरु राम मंदिर के पास रहने वाले सृजन मिश्रा (20) को पकड़ लिया। उससे हथियार बरामद कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

असिस्टेंड मैनेजर बता कर रहा था शादी

पोल खुलने पर दुल्हे की जमकर पिटाई

दूल्हे को पहनाई जूते की माला, पुलिस ने लिया हिरासत में

कोरबा/नवप्रदेश। अपने आपको असिस्टेंट मैनेजर बता कर शादी करने के लिए बारात लेकर पहुंचे दुल्हा को इस बात का आभास भी नहीं था कि उसकी पोल खुल जाएगी। वधु पक्ष वालों ने दूल्हे को जूते की माला पहना कर न केवल जमकर खातिरदारी की, बल्कि पुलिस को सौंप दिया। मामले में पुलिस आगे कार्रवाई कर रही है।

घटना कोतवाली अंतर्गत मंगलवार को हुई। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में निवासरत एक परिवार के यहां पुत्री का विवाह दादूराम नामक व्यक्ति से तय किया था। विवाह के पहले दादूराम ने स्वयं के बारे में जानकारी दी थी कि वह गुजरात के वडोदरा में सयाजी होटल का असिस्टेंट मैनेजर है। पूरी सच्चाई जाने बिना वधु पक्ष ने विवाह की सभी तैयारी कर ली थी और विवाह संपन्न की प्रक्रिया भी शुरू हो गई थी। इसी दौरान वधु पक्ष के व्हाट्सएप नंबर पर गुजरात से आई जानकारी ने उन्हें परेशान कर दिया कि दूल्हा दादुलाल असिस्टेंट मैनेजर नहीं बल्कि होटल में बेटर है और उसका संबंध वहां किसी युवती से भी है। बस इतना पता चलने के बाद महिलाओं समेत आसपास के लोगों ने दादूलाल से पूरी जानकारी ली। सच्चाई सामने आने पर लोगों में नाराजगी बढ़ गई और उन्होंने दादूलाल के साथ मारपीट की। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाल मोतीलाल पटेल सदल बल पहुंचे और दूल्हे को हिरासत में लिया, पर घटना से नाराज लोगों ने दूल्हे को जूते की माला पहना कर पुनः जमकर पिटाई की। इसे लेकर भी लोगों के साथ पुलिस की जमकर नोंक- झोंक हुई। पुलिस ने किसी तरह हस्तक्षेप कर लोगों को शांत कराया और दादूलाल को अपने साथ लेकर कोतवाली चली गई।

दादुलाल का इस संबंध में कहना है कि प्रेम संबंध वाली बात गलत है। उसे फंसाने के लिए लड़की झूठ बोल रही है। दूल्हे की पिटाई की इस घटना को लेकर

ओढ़ और आमामोरा मतदान केन्द्र के लिए वोटिंग दल हेलीकॉप्टर से रवाना

दोनों मतदान केन्द्रों में 1 हजार से अधिक मतदाता करेंगे वोट

कलेक्टर ने मतदान दलों को पुष्पगुच्छ भेंटकर दी शुभकामनाएं

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदान दिवस के दो दिन पूर्व संवेदनशील एवं दूरस्थ मतदान केन्द्रों के लिए दो मतदान दलों को बुधवार 24 अप्रैल को ही रवाना कर दिया गया है। जबकि शेष सभी मतदान दलों को गुरूवार 25 अप्रैल को रवाना किया जायेगा। कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राकेश कुमार गोलछा की मौजूदगी में बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केन्द्र आमामोरा-77 एवं ओढ़-78 के लिए वायुसेना के हेलीकॉप्टर से रवाना किया गया। बुधवार सुबह 11:00 बजे पुलिस परेड ग्राउंड से दोनों मतदान केंद्र के लिए सुरक्षाधिकारी एवं मतदान दल सहित 16 सदस्यों को हेलीकॉप्टर से रवाना किया गया। जहां सुबह 11:20 बजे मतदान दल सुरक्षित पहुंच गया। इन दोनों मतदान केन्द्रों में प्रातः 7 बजे से शाम 3 बजे तक मतदान सम्पन्न होगा। उल्लेखनीय है कि इन दोनों मतदान केन्द्रों में मतदान कराने के लिए युवा मतदान अधिकारी एवं सुरक्षा अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। आमामोरा-77 के मतदान केन्द्र पर कुल 747 मतदाता है, इनमें 375 महिलाएं एवं 372 पुरूष मतदाता शामिल है। इसी प्रकार ओढ़-78 मतदान केन्द्र पर कुल 330 मतदाता है, इनमें 172 महिलाएं एवं 158 पुरूष मतदाता शामिल है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने इससे पूर्व मतदान अधिकारियों एवं सुरक्षाकर्मियों को गुलदस्ता भेंटकर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने की बात कही। साथ ही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अग्रवाल ने जिले में निष्पक्ष, निर्विघ्न व शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी आम मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है।

नशेड़ी चालक की गाड़ी पलटी

दुर्ग/नवप्रदेश। भिलाई नेहरू नगर से राजनांदगांव के लिए जाने वाले एनएच-53 बाईपास पर एक कार 120 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से पलट गई। कार का ड्राइवर नशे की हालत में गाड़ी चला रहा था। अचानक बैलेंस बिगड़ने से कार कई बार पलटी और उसके परखच्चे उड़ गए। मोहन नगर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। दुर्घटना मोहन नगर थाना अंतर्गत एनएच 53 पर डीमार्ट के पास हुई। यहां एक एसयूवी कार सीजी 07 सीएच 4244 मंगलवार रात 9 बजे के करीब काफी तेज रफ्तार से आई। कार को दीपक महतो (22) नाम का युवक चला रहा था। कार इतनी तेज रफ्तार में थी कि उपवन रेस्टोरेंट के थोड़ा आगे जाकर उसका संतुलन बिगड़ गया और वो मोड़ पर दो साइन बोर्ड को तोड़ते हुए कई बार पलटी खाती चली गई।

मतदाता जागरूकता के लिए शत-प्रतिशत मतदान के लिए दो वीडियो सॉग जारी

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आज कलेक्ट्रेक्ट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में सामान्य प्रेक्षक श्री संजय कुमार, श्री रोहनचंद ठाकुर और जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने मतदाता जागरूकता के दो वीडियो सांग का शुभारंभ किया। शत-प्रतिशत मतदान पर आधारित गाने की रचना गौरेला-पेड्रा-मारवाही जिले की श्रीमती मीनाक्षी केसरवानी ने की है। साथ ही गाने का वीडियो भी तैयार किया है। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक श्री कुमार व श्री ठाकुर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सिंह ने श्रीमती केसरवानी को प्रशस्ति पत्र देकर शॉल भेंट कर सम्मान किया और उन्हें शुभकामनाएं दी।

गौरतलब है कि श्रीमती केसरवानी द्वारा पूर्व में भी मतदाता जागरूकता का संदेश देने के लिए एक वीडियो साग बनाया गया है। जिसकी धुन शहर के चौक -चौराहों में भी सुनाई देती है। इस शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, अपर कलेक्टर श्री उज्जवल पोरवाल सहित कई अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे।

आशीष चतुर्वेदी ने पंजाब नेशनल बैंक अंचल कार्यालय, रायपुर का संभाला कार्यभार

रायपुर/नवप्रदेश। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में अग्रणी पंजाब नैशनल बैंक के छत्तीसगढ़ एवं झारखण्ड राज्य के अंचल प्रबंधक का कार्यभार श्री आशीष चतुर्वेदी ने ग्रहण कर लिया है। अंचल कार्यालय, रायपुर परिसर में पहुँचने पर श्री अरुण कुमार राव, उप अंचल प्रबंधक एवं श्री मनोज कुमार राय, मंडल प्रमुख रायपुर तथा समस्त अधिकारीयों द्वारा उनका स्वागत किया गया। श्री आशीष चतुर्वेदी ने 30.09.91 को प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में बैंकिंग सेवा आरम्भ किया था एवं देश के बड़े शहरों में उच्च पदों पर रहकर बैंक को सेवाएं दी है। रायपुर से पूर्व वे महाराष्ट्र में मंडल प्रमुख, नागपुर के रूप में कार्यरत थे। श्री आशीष चतुर्वेदी जी ने रायपुर अंचल के समस्त स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राहकों को उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करना ही हमारा परम कर्त्तव्य है । एक संतुष्ट ग्राहक ही बैंकिंग व्यवसाय विकास में अहम भूमिका निभाता है ।

शत-प्रतिशत मतदान का संदेश देने निकाली छतरी स्वीप

कलेक्टर के नेतृत्व में कड़कती धूप के बीच छाता ओढ़ कर निकाली गई आकर्षक रैली

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। लोक सभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। एक ओर जहां टैक्टर रैली,ऑटो रैली, मशाल रैली, टॉर्च रैली,बाहर गए ग्रामीण को फोन कर आमंत्रित जैसे कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जा रहा है.वही दूसरी ओर स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज जिला मुख्यालय में छतरी स्वीप रैली का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 3 किलोमीटर मार्ग को कलेक्टर के एल चौहान के नेतृत्व में के एल अधिकारी कर्मचारी सहित विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा कड़कड़ती धूप के बीच पैदल चलकर पूरी की गई। रैली में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार भी शामिल होकर अधिकारियों का उत्साह बढ़ाया। इस रैली में शिक्षा,महिला एवं बाल विकास विभाग,पंचायत,राजस्व सहित अ = य छात्र,छात्राएं,शिक्षक,आमजन, खिलाड़ी, प्रबुद्ध नागरिक,सहित अधिकारी कर्मचारी, मिडिया प्रतिनिधी बड़ी संख्या में शिरकत किए। इसके साथ ही रैली प्रारंभ आने से पूर्व कलेक्टर श्री चौहान ने सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई।

कलेक्टर ने श्री चौहान ने

प्रथम पृष्ठ का शेष

भोपाल की सड़कों पर दिखा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। नानके पेट्रोल पंप तराहे पर रोड शो खत्म हो गया। यहां पर प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

भगवामय हुई सड़कें

प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान यात्रा मार्ग की दोनों तरफ की स?कें भगवामय हो गई। महिलाओं जहां गले में भगवा दुपट्टा डालकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया, तो जोशीले युवाओं के समूह केसरिया पगड़ी में अपने नेता का स्वागत करने आए। कुछ महिलाओं ने सड़क के किनारे से ही प्रधानमंत्री मोदी की आरती भी की।

लोगों में जबरदस्त उत्साह दिखा

मालवीय नगर से नानके पेट्रोल पंप तक दोनों तरफ बैरिकेडिंग के दोनों तरफ हजारों लोगों की भीड़ जुटी। यहां भोपाल के अलग-अलग क्षेत्रों से भाजपा कार्यकर्ता और आम जन पहुंचे। प्रधानमंत्री की झलक को अपने कैमरे में कैद करने के लिए लोग आतुर दिखे। कोई फोटो खींच रहा था तो कोई प्रधानमंत्री का वीडियो बना रहा था।

जगह-जगह स्वागत मंच

प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए पूरे रास्ते में जगह-जगह स्वागत मंच अलग-अलग समाज, सामाजिक संगठन की तरफ से लगाए गए थे। संत समाज ने मंच से पीएम का स्वागत किया। सड़क के दोनों तरफ गुजराती समाज, यादव समाज, कलाल समाज, मराठी समाज, नेमा समाज, कुम्हार समाज, रजक समाज, वाल्मीकि समाज, जीनगर समाज, अहिरवार समाज समेत कई सामाजिक संगठनों ने स्वागत में बैनर लगाए थे। वहीं, साहित्यकार मंच, बरखेड़ा व्यापारी संघ, बाबा बटेश्वर भक्त मंडल जैसे अनेक संगठनों ने भी अलग-अलग तरीकों से प्रधानमंत्री का स्वागत किया। रोड शो के रूट में जगह स्वागत द्वार लगाए गए थे।

लोक नृत्यों की प्रस्तुति दी

रोड शो में लोक नृत्यों की प्रस्तुति देकर कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान ढोल नगा?, बैंड, सहित अन्य वाद्य यंत्रों के माध्यम से कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। रोड शो के दौरान लेजर शो की प्रस्तुति भी दी गई। रोड शो में लेजर लाइटिंग से मोदी के नारे को लेकर शो दिखाया गया। इसमें भगवान राम की आकृति उकेरी गई थी।

ऐतिहासिक रहा रोड शो = सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ऐतिहासिक रोड शो हुआ है। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री ने रोड शो के लिए समय निकाला, उसके लिए मैं उनका आभार मानता हूं। दो सभाएं करने के बाद प्रचंड गर्मी में भी जिस उत्साह और उमंग के साथ वे जनता के बीच आए, यह बताता है कि प्रधानमंत्री की लोकप्रियता कैसी है और उनका अपना आत्मसंयम है। उसे जनता ने आज देखा है।

मप्र बोर्ड 10 वी

रूप से दूसरा स्थान और सतना के सौरभ सिंह ने तीसरा स्थान पाया है।वहीं 12वीं के कला संकाय में शाजापुर के जयंत यादव 487 अंक लाकर टापर बने हैं।विज्ञान (गणित) समूह में रीवा की अंशिका मिश्रा 493 अंक, जीव विज्ञान समूह में सिवनी की सना अंजुम ने 487 अंक लाकर राज्य स्तरीय मेधावी सूची में प्रथम स्थान हासिल किया है।वाणिज्य समूह में विदिशा की मुस्कान दांगी ने 493 अंक लाकर प्रथम स्थान पाया है।

हाईस्कूल व हायर सेकंडरी में नरसिंहपुर जिला टाप पर

इस बार छोटे जिलों का परिणाम अच्छा रहा है।हाईस्कूल में जिला नरसिंहपुर 80.51 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान पर और जिला आलीराजपुर 71.23 फीसद के साथ द्वितीय स्थान और बालाघाट 71.04 प्रतिशत लाकर तीसरे स्थान पर रहा। वहीं हायर सेकंडरी में सर्वाधिक पास का प्रतिशत नरसिंहपुर जिले का 81.53 प्रतिशत रहा है, जबकि दूसरा पास प्रतिशत नीमच का 77 प्रतिशत रहा है।

कांग्रेस का इरादा बहुसंख्यकों को

में कांग्रेस को देश की कीमत पर येन-केन-प्रकारेण सत्ता चाहिए। वह महिलाओं पर बर्बर अत्याचार करने वाले तालिबानी प्रवृत्ति को भारत में लागू करना चाहती है।

सैम पित्रोदा की टिप्पणी

दिया था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है।

जनता सैम पित्रोदा के बयान को गंभीरता से ले

ऐसा विचार ही कांग्रेस की विरासत रही है। अब सैम पित्रोदा ने अमेरिका का हवाला देते हुए टिप्पणी की है कि धन के बंटवारे पर विचार-विमर्श होना चाहिए और विरासत टैक्स पर बात होनी चाहिए। गृह मंत्री ने कहा, मैं चाहता हूं कि देश की जनता सैम पित्रोदा के बयान को गंभीरता से ले।

महाकाल को गर्मी से बचाने

शिवलिंग के ऊपर करीब 11 मटकियां लगाई गई हैं, जिसके जरिए सहस्त्रधारा बाबा महाकाल को अर्पित की जा रही है।

प्रतिवर्ष वैशाख कृष्ण प्रतिपदा से जल धारा

पुजारियों के द्वारा बाबा का जतन इस लिए किया जा रहा है ताकि, भगवान को गर्मी से बचाया जा सके। बाबा महाकालेश्वर को जल धारा के माध्यम से ठंडक पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। परंपरा अनुसार प्रतिवर्ष वैशाख कृष्ण प्रतिपदा से जल धारा प्रारंभ की जाती है ताकि बाबा भोलेनाथ को गर्मी से राहत मिल सके।

सुबह 6 बजे शुरू होकर शाम 5 बजे तक अर्पण

परंपरा अनुसार प्रतिवर्ष वैशाख कृष्ण प्रतिपाद से जल धारा प्रारंभ की जाती है और यह क्रम ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा तक सतत चलता है। बाबा को जल अर्पित करने के लिए शिवलिंग के ऊपर 11 मटकियां बांधी गई हैं। मटकियों में अलग अलग की कुल 11 पवित्र नदियों का जल भरा गया है। यह जलधारा अर्पित करने का सिलसिला प्रतिदिन सुबह 6 बजे शुरू होता है और शाम 5 बजे तक निरंतर जारी रहता है।

इन नदियों का जल समाहित

बता दें, इन 11 मटकियों में गंगा, यमुना, सरस्वती, कावेरी, नर्मदा, शिप्रा समेत अन्य नदियों का जल है। सभी मटकियों में उन नदियों के नाम लिखे है जहां से जल लाया गया है। इन मटकियों को गलंतिका भी कहा जाता है, यहां की परंपरा के मुताबिक वैशाख कृष्ण प्रतिपदा से ज्येष्ठ पूर्णिमा तक दो महीने प्रतिदिन सुबह 6 बजे से शाम 4 बजे तक गलंतिका बंधी रहेगी। वैशाख कृष्ण प्रतिपदा से ज्येष्ठ पूर्णिमा तक दो महीने प्रतिदिन सुबह 6 बजे से शाम 4 बजे तक मटकियां बंधी रहेंगी।

न्यूज गैलरी

नशीली टैबलेट परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। मुखबीर से पता चला कि एक व्यक्ति काले रंग के एक्टिव क्रमांक छ्त्त 04 श्वद्ध 7443 में प्रतिबंधित नशीली दवाई टैबलेट लेकर बिक्री करने के लिए महासमुंद होते रायपुर की ओर जाने के लिए निकला है। की मुखबरी सूचना रोजनामचा में दर्ज कर हमराह स्टाफ एवं गवाहों के साथ आरंग महासमुंद तिराहा एनएच रोड के पास पहुंचकर मुखबिर के बताएं एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 पीएफ 7443 के आने का इंतजार करने पर कुछ देर बाद मुखबिर के बताएं एक्टिवा क्रमांक को रोककर पूछने पर पहले तो अपना नाम बताने में हिल हवाला करने लगा बाद में कड़ाई से पूछने पर अपना नाम कुणाल कुमार वर्मा पिता नागेंद्र वर्मा 22 वर्ष निवासी नावाखास पोस्ट नया जयपुर थाना नावा जयपुर जिला पलामू झारखंड का रहने वाला बताया जिसके एक्टिवा को चेक करने पर सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में अवैध प्रतिबंधित नशीली टैबलेट nitrosun 10 मिला कल 460 स्ट्रिप प्रत्येक में 10-10 नग टैबलेट भरा हुआ कुल 4600 नग टैबलेट प्रत्येक स्ट्रिप की कीमत 71 रू. जुमला कीमती करीबन 32660 रू. परिवहन करते मिला पूछताछ करने पर बसना पदमपुर से रायपुर ले जाकर विक्की खान को देने के लिए परिवहन करना बताया । प्रतिबंधित नशीली टैबलेट nitrosun 10 नग को रखने के संबंध में धारा 91 सीआरपीसी का नोटिस दिया गया जो परिवहन करने के संबंध में कोई भी दस्तावेज पेश नहीं किया।

सड़क दुर्घटना में पति-पत्नि की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। आज दिनांक 24.4.24 को मोटर साइकिल सीडी डीलक्स क्रमांक सीजी 04 nh 6697 मे चालक परिवार के 4 सदस्यों के साथ फरहद से बिरगांव जा रहे थे, जो टेकारी मोड़ के पास नेशनल हाईवे रिंग रोड नंबर 3 मे एक कंक्रीट मिलर वाहन क्रमांक CG04JA9252 के चालक द्वारा कंक्रीट को सद्दू से खाली कर टेकारी आ रहा था. वाहन चालक संतोष उराव पिता राजकुमार उराव उम्र 40 साल निवासी डालओबरा, थाना बडिया, जिला गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा मोटर साइकिल चालक दानेश साहू एवं सवार 3 व्यक्ति को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे पति पत्नी की मौके पर मृत्यु हो गयी एवं चालक का छोटा बच्चा व चालक का साला घायल हो गए जिन्हे उपचार हेतु हॉस्पिटल पहुंचाया गया इलाज जारी है।

बघवा तालाब में बनेगा पाथ-वे और गार्डन

बरसात से पहले तालाब गहरीकरण का कार्य जारी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुरा स्थित बघवा तालाब का बरसात से पहले गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। यहां तालाब के चारों और पाथवे के साथ ही उद्यान भी बनाया जाएगा।

निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर निगम की टीम द्वारा यहां चल रहे कार्यों का निरीक्षण कर रही है। आज वहां कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा तथा उप अभियंता अर्जिता दीवान ने वहां जाकर कार्य कर रहे लोगों को दिशा निर्देश दिए। श्री शर्मा ने बताया कि इस तालाब की गहरीकरण के साथ ही वहां रिटेनिंग वाल , पाथवे और उद्यान भी बनाया जा रहा है। ये सभी कार्य बरसात से पहले पूर्ण कर लिए जाएंगे। इस हेतु आज ठेकेदार की हिदायत भी दी गई।

रामनगर टंकी में लगेगा हाइड्रेंट

बाकी टंकीयों में भी हाइड्रेंट लगाने सर्वे किया जाएगा

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर आज रामनगर स्थित भारत माता टँकी में हाइड्रेंट लगाने हेतु अधिकारियों ने जायजा लिया। यहां टँकी या मेन राइजिंग लाईन में हाइड्रेंट लगाया जाएगा। गुढ़ियारी में बिजली विभाग के यार्ड में आगजनी के घटना के समय निगम द्वारा मेन राइजिंग लाईन की वाल को तोड़कर नाली बनाकर पानी से आग बुझाने का कार्य किया गया था।

इस घटना का जायजा लेते समय निगम आयुक्त श्री मिश्रा ने निर्देश दिए कि टँकी में यदि हाइड्रेंट लगा होता तो पानी निकालने में सहूलियत होती साथ ही इस टँकी के अलावा जिस भी टँकी में हाइड्रेंट ना लगा हो उनका सर्वे कर वहां हाइड्रेंट लगाने के निर्देश दिए थे। आज रामनगर स्थित भारत माता टँकी का निगम के फिल्टर प्लांट के अधीक्षण अभियंता बद्री चंद्राकर और कार्यपालन अभियंता नरसिंह फ्रेंद्र ने निरीक्षण किया। श्री फ्रेंद्र ने बताया कि इस जगह पर हाइड्रेंट लगाने के लिए दो तरह से विचार किया जा रहा है। यहां टँकी में या फिर नीचे मेन राइजिंग लाईन के नीचे हाइड्रेंट लगाने का परीक्षण कर जल्द ही हाइड्रेंट लगा दिया जाएगा।

आईपीएल सट्टा : अंतर्राज्यीय गिरोह के 8 सटोरिये गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट को आई.पी.एल. क्रिकेट मैच 2024 के सीजन में क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा खेलने/खिलाने वालों एवं इस कारोबार में संलिप्त लोगों की पतासाजी कर आवश्यक कार्यवाही करने के साथ ही क्रिकेट सट्टा के कारोबार पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है।

इसीक्रम में दिनांक 22.04.2024 को एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत स्थित सत्कार होटल गली पास एक व्यक्ति अपने मोबाईल फोन में आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाईन सट्टा खिला रहा है जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम श्री संदीप मित्तल, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट तथा थाना प्रभारी गंज को व्यक्ति को गिरफ्तार करने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट तथा थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। टीम के सदस्यों द्वारा व्यक्ति के पास रखें मोबाईल फोन को चेक करने पर उसके द्वारा मोबाईल फोन में आई.पी.एल. क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाईन सट्टा खेलना पाया गया। व्यक्ति से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा कुछ मोबाईल नंबरों के धारकों से लाईन लेकर ऑनलाईन सट्टा खेलना बताने के साथ ही मोबाईल नंबर के धारकों को कलकत्ता पश्चिम बंगाल में होना बताया गया।

चूंकि एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट रायपुर की टीम थाना माना के प्रकरण में आरोपी पतासाजी हेतु पूर्व से कलकत्ता पश्चिम बंगाल में उपस्थित थी। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कलकत्ता पश्चिम बंगाल में कैम्प कर रहीं टीम को कलकत्ता पश्चिम बंगाल में उपस्थित सटोरियों पर आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा न्यू टाउन गोलाबारी 24 परगना स्थित एक फ्लैट में रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान फ्लैट में 08 व्यक्ति उपस्थित थे, जो लैपटॉप व मोबाईल फोन के माध्यम से सेटअप तैयार कर ऑनलाईन सट्टा संचालित कर रहे थे।

सटोरियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा आई.पी.एल. क्रिकेट मैच के दौरान रेड्डी अन्ना एप एवं ऑन लाईन माध्यम से सट्टा खिलाना स्वीकार करने के साथ ही इसका मुख्य सरगना समता कालोनी आजाद चौक रायपुर निवासी मोहित सोमानी को होना बताया गया। जिस पर सभी 08 सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्टा संचालन में प्रयुक्त 05 नग लैपटॉप, 36 नग मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 12,00,000/- रूपये तथा 24 बैंक पास बुक एवं 24 नग ए.टी.एम. कार्ड जप्त किया गया है। सटोरियों के पास 01 दर्जन से अधिक बैंक खाते है, जिनमें सट्टों के पैसों का लेन-देन होता था तथा इन खातों में लाखों रूपये जमा है,के विरुद्ध विधि अनुरूप कार्यवाही की जायेगी ।

बिजली खबों से पीएम मोदी के पोस्टर हटाने की चुनाव आयोग से शिकायत

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा रायपुर के चारो ओर में और छत्तीसगढ़ के अनेक स्थानों में सार्वजनिक विद्युत पोल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पोस्टर लगे होने की शिकायत कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त से किया।

ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान समय में सम्पुर्ण भारत में आदर्श आचार संहिता लागू है ऐसी स्थिति में भारतीय जनता पार्टी द्वारा रायपुर शहर के चारो ओर में और छत्तीसगढ़ के अनेक स्थानों में सार्वजनिक विद्युत पोल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पोस्टर लगाये है जो कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। जिसका प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग घोर आपत्ति/ शिकायत करती है।

रायपुर शहर शंकर नगर से विधानसभा जाने वाली रोड में दूरदर्शन के आगे ओवर ब्रिज के दोनों तरफ सार्वजनिक विद्युत पोल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के पोस्टर लगे हुये है और उक्त पोस्टर में भाजपा के द्वारा कमल के बटन दबाना है भाजपा ला जिताना है का उल्लेख है। इसीलिये किसी भी सार्वजनिक विद्युत पोल पर उक्त तरह के पोस्टर लगाना और प्रचार करना आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा रायपुर शहर के चारो ओर में और छत्तीसगढ़ के अनेक स्थानों में सार्वजनिक विद्युत पोल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के पोस्टर को तत्काल हटाये जाने और उक्त पोस्टर, होर्डिंग को लगाने वाले व्यक्ति के विरूद्ध उचित कानूनी समुचित कार्यवाही किये जाने की कृपा की जाये। उक्त कार्यवाही से हमें अवगत करने की कृपा करें। ज्ञापन सौंपने वाले में कांग्रेस विधि विभाग प्रदेश अध्यक्ष डॉ.देवा देवांगन, नंदकुमार पटेल, मोईन कुरेशी, अंकित कुमार मिश्रा, रामशंकर सोनकर उपस्थित थे।

39 किलो गांजा के साथ 3 अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है। नारकोटिक्स एक्ट पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया है साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।

इसी तारतम्य में दिनांक 23.04.2024 को थाना गंज को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत रेलवे स्टेशन गेट नंबर 02 पास कुछ व्यक्ति अपने पास गांजा रखें है तथा बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहे है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली योगेश साहू द्वारा थाना प्रभारी गंज निरीक्षक दीपक पासवान को सूचना की तस्दीक कर आरोपियों को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी गंज के नेतृत्व में थाना गंज पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के 3 व्यक्तियों को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियो ने अपना नाम विष्णु तोमर, अभिमन्यु बेहरा एवं अरूण मिश्रा होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखे ट्राली बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया।

रेल्वे स्टेशन की विफलता को लेकर कांग्रेस पहुंची रेलवे स्टेशन, यात्रियों से भी मिले नेता

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आज रेल्वे स्टेशन में यात्रियों से मिलकर उनकी परेशानियों को जाना इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुये कहा कि 1. गर्मी की छुट्टियां चल रही है, शादी-ब्याह का सीजन है, लोग महीनों पहले टिकिट बुक करवा कर रखे है लेकिन ऐन यात्रा के दिन ट्रेनों के रद्द होने का फर्मान जारी हो जाता है। 2. अकेले रायपुर रेलवे स्टेशन में प्रतिदिन हजारों यात्री ट्रेनों के लेट लतीफी और रद्द होने के कारण परेशान है। 3. वर्तमान में एक बार फिर 18 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया। 40 ट्रेने पहले से रद्द है। 4. देश में आज कोई भी ट्रेन नहीं है जो समय पर गंतव्य के लिये चलती हो घंटो लेट लतीफी भारतीय रेल की पहचान बन गयी है।

5. यह मोदी सरकार की तानाशाही और छत्तीसगढ़ विरोधी रवैया है पिछले 3 साल से अधिक समय से छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 62000 ट्रेनों को बिना किसी ठोस कारण के रद्द किया जाता है 6. लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने का मतलब यात्री ट्रेनों को बंद करने के षड़यंत्र करने का समर्थन करना होगा। रेलवे को बचाने के लिए आवश्यक है कि देश से मोदी सरकार की विदाई की जाये। 7. देश की आजादी के बाद ऐसी स्थिति केवल मोदी सरकार में आई है। जहां रेलवे की यात्री सुविधाएं इतनी ज्यादा खस्ताहाल हो गयी है। यात्री ट्रेनों को जानबूझकर रद्द किया जाता है, कभी कोयले के आपूर्ति के नाम पर, कभी कोई और कारण बता कर यह विश्वसनीय यात्री सेवा भारतीय रेल को बदनाम करने की साजिश है ताकि लोग रेलवे से ऊब जाये और रेल को भी मोदी अपने उद्योगपति मित्र अडानी के हवाले कर सके। 8. बुजुर्गो, छात्रों, बच्चों, विकलांगों को मिलने वाली सुविधा को मोदी सरकार ने मुनाफाखोरी के चक्कर में बंद कर दिया।

रायपुर और तिल्दा में लगा रक्तदान शिविर

रायपुर/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मॉडल ब्लड बैंक सेंटर एवं संत निरंकारी मिशन के संयुक्त तत्वावधान में मानव एकता दिवस के अवसर पर बुधवार को रायपुर और तिल्दा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में रायपुर में 209 यूनिट और तिल्दा में 97 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। रक्तदान शिविर की खास बात यह रही की अकेले रायपुर में 84 यूनिट रक्त और तिल्दा में 23 यूनिट रक्त विशेष रूप से महिला रक्तदाताओं द्वारा डोनेट (दान) किया गया।

संत निरंकारी मिशन की तरफ से रायपुर कैंप का कार्यभार गुरबक्श सिंह कालरा, परमजीत कालरा, कमलेश पंजवानी और तिल्दा कैंप का कार्यभार सुंदर दास ने संभाला। मॉडल ब्लड (बैंक) सेंटर की तरफ से रायपुर कैंप डॉ. सूदित पाल और तिल्दा कैंप डॉ. अविरल मिश्रा के निगरानी में संपन्न हुआ।

रायपुर रक्तदान शिविर की टीम में डॉ. मनीष, डॉ. अमित, डॉ. नुपुर, डॉ. बबिता, डॉ. शिवानी, डॉ. शालिनी, प्रेम लाल बिरला, मनोज दास, गणेश मेहर, जितेन्द्र यादव, झूल सिंह, तिलिस्मी, जागृति, भूमिका यादव, सम्मुख राव, गोवर्धन गायकवाड, लखपति पटेल, लकेश्वर, करिश्मा, शुभम, वंदना और राकेश बंजारे थे। वहीं तिल्दा रक्तदान शिविर की टीम में डॉ. रूपेश, डॉ. प्रेमा, डॉ. शरद चन्द्र, नूरानी खान, चकेश्वर पटेल, वर्षा चौधरी, शोभाराम साहू, शिव साहू, हेमा कश्यप, सिद्धार्थ हेमा और राकेश शर्मा शामिल थे। सभी के विशेष सहयोग से यह दोनों रक्तदान शिविरों का सफल आयोजन किया गया।

जागरूकता की शुरुआत स्वयं से : डॉ पण्ड्या

देसंविवि के छात्रों ने चलाया जागरूकता और स्वच्छता कार्यक्रम

हरिद्वार/नवप्रदेश। देव संस्कृति विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग द्वारा शहीदी दिवस समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशन में हुआ। चार दिवसीय विशेष कार्यक्रम में स्वच्छता, मतदान जागरूकता, निबंध, पोस्टर, स्लोगन, स्वरचित कविता, दीवार लेखन, रैली आदि का आयोजन किया गया। जिसमें देसंविवि के स्वयंसेवियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

समापन अवसर पर देसंविवि के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि जागरूकता की शुरूआत स्वयं से होती है, सबसे पहले अपने अंदर के दीपक को जगाने की आवश्यकता है। प्रतिकुलपति ने एनएसएस के विद्यार्थियों की मेहनत व लगन की सराहना की।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उमाकांत इंदौलिया ने बताया कि 19 अप्रैल से प्रारंभ हुए इस कैंप के माध्यम से घर-घर जाकर स्वयंसेवियों के द्वारा लोगों को मतदान व स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। स्वच्छता एवं मतदान से संबंधित थीम पर निबंध, पोस्टर, स्लोगन, स्वरचित कविता जैसे विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। साथ ही हरिपुर कलां क्षेत्र व विश्वविद्यालय परिसर में वृहद् स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया व स्वच्छता से संबंधित दीवार लेखन एवं रैली का आयोजन किया गया।

एनएसएस स्वयंसेवकों ने निकटवर्ती क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूक किया, तो वहीं दीवार लेखन के माध्यम से आम जन में स्वच्छता और रुढ़िवादी के प्रति चलाये जा रहे अभियान में अपनी सहज भागीदारी प्रस्तुत किया। इसके साथ ही विभिन्न सकरात्मक गतिविधियों को आमजन तक पहुंचाया हैं, जो समाज सम्मुनत एवं विकसित बनाने, समाज एवं राष्ट्र के समृद्धि में सहायक हैं। समापन अवसर पर 100 स्वयंसेवियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए एवं प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट चयनित विजेताओं को प्रमाण पत्र, मेडल, प्रतीक चिन्ह आदि भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न गणमान्य अतिथियों को मंत्र चादर, स्मृति चिह्न भेंट किया गया। इस कैंप में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इप्सित प्रताप सिंह, श्री प्रखर सिंह पाल, श्रीमती लालिमा, गायत्री शर्मा, ऋचा मिश्रा आदि का विशेष योगदान रहा।

हर घर दिया जा रहा मतदाता पर्चा

कम मतदान क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक भी किया जा रहा

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम क्षेत्र में कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार मतदाता पर्चे घर - घर जाकर बाटा जा रहा है। साथ ही कम मतदान वाले क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान करने जागरूकता भी लाई जा रही है।

निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर अपर आयुक्त विनोद पांडे ने आज निगम क्षेत्रों के अलग - अलग जगहों पर जाकर मतदाता पर्चियां बांटे जाने के कार्य का अवलोकन किया। साथ ही नागरिकों से मतदान करने हेतु प्रेरित भी किया। श्री पांडे ने बताया कि शहर के सभी 10 जोनों के प्रत्येक वार्डों में बूथ लेवल आफिसर के माध्यम से मतदाता पर्चे बाटे जा रहे हैं। इस कार्य में निगम की टीम भी जुटी हुई है। निगम के राजस्व अमले को भी इसमें लगाया गया है। इसी के साथ ही विधानसभा चुनाव चुनावों के समय जिन मतदान केंद्रों में कम मतदान हुआ था, वहां अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए वहां के मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य भी किया जा रहा है। मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए जागरूकता रैलियां भी निकाली जा रही है।

सेंसेक्स 167 अंक चढ़ा निफ्टी 22400 के पार

नई दिल्ली। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन शुरुआती कारोबार में सुबह 9 बजकर 41 मिनट पर सेंसेक्स 152.05 (0.20प्रतिशत) अंकों की बढ़त के साथ 73,908.99 के स्तर पर जबकि निफ्टी 41.71 (0.19प्रतिशत) अंक उछलकर 22,409.70 के लेवल पर कारोबार करता दिखा।

वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को भी हरे निशान पर कारोबार की शुरूआत हुई। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन शुरुआती कारोबार में सुबह 9 बजकर 41 मिनट पर सेंसेक्स 152.05 (0.20प्रतिशत) अंकों की बढ़त के साथ 73,908.99 के स्तर पर जबकि निफ्टी 41.71 (0.19प्रतिशत) अंक उछलकर 22,409.70 के लेवल पर कारोबार करता दिखा। इस दौरान बाजार के उतार-चढ़ाव को ट्रैक करने वाला इंडिया फिसलकर 10.18 पर पहुंच गया।

हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स के 30 शेयरों का हाल

शुरुआती कारोबार के दौरान आईसीआईसीआई प्रुडेंशिएल के शेयरों में छह प्रतिशत और टाटा कंज्यूमर के शेयरों में चार प्रतिशत की गिरावट दिख रही है। यह गिरावट कंपनियों के चौथी तिमाही नतीजों के जारी होने के बाद नजर आ रही है। सेंसेक्स में एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और टाटा मोटर्स के शेयर शुरुआती कारोबार के दौरान बढ़त के साथ कारोबार करते दिखे। हालांकि, इंफोसिस, इंडसइंड बैंक और कोटक बैंक के शेयरों में गिरावट दिखी।

रिलायंस जियो का नया रिकॉर्ड

नई दिल्ली। भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में अपनी धाक जमाने के बाद रिलायंस जियो ने डेटा खपत के मामले में भी एक नया वैश्विक रिकॉर्ड कायम किया है, डेटा ट्रैफिक के मामले में वह नंबर एक सेवा प्रदाता बन गई है।

टेलीकॉम कंपनियों के डेटा ट्रैफिक, ग्राहक आधार पर नजर रखने वाली फर्म टीएफिशियंट की रिपोर्ट के अनुसार पिछली तिमाही में रिलायंस जियो के नेटवर्क पर कुल डेटा ट्रैफिक 40.9 एक्साबाइट रहा। डेटा खपत का यह स्तर तय करते हुए इस भारतीय दूसरसंचार सेवा ऑपरेटर ने चाइना मोबाइल को पहले स्थान से विस्थापित कर दिया है। चीन की कंपनी अब दूसरे पायदान पर खिसक गयी है। चाइना मोबाइल के नेटवर्क पर आलोच्य अवधि में डेटा खपत 40 एक्साबाइट से भी कम रही।चीन की एक और कंपनी चाइना टेलीकॉम डेटा खपत के मामले में तीसरे नंबर पर, तो भारत की एयरटेल चौथे नंबर पर रही। रिलायस जियो के एक अधिकारी ने कहा, 5जी सेवाओं के शुरु होने के बाद, रिलायंस जियो के डेटा खपत में पिछले वर्ष के मुकाबले 35.2 फीसदी का उछाल देखने को मिला। इस उछाल की मुख्य वजह है जियो का ट्रू 5जी नेटवर्क और जियो एयर फाइबर का विस्तार। रिलायंस जियो के तिमाही नतीजों के मुताबिक जियो ट्रू 5जी नेटवर्क पर 10 करोड़ 80 लाख ग्राहक जुड़ चुके हैं और जियो के कुल डेटा ट्रैफिक का करीब 28 फीसदी हिस्सा अब 5जी नेटवर्क से आ रहा है। दूसरी तरफ जियो एयर फाइबर ने भी देश भर के 5,900 शहरों में अपनी सेवाएं शुरू कर दी हैं। जारी तिमाही नतीजों में कंपनी ने जो आंकड़े मुहैया कराए हैं उनके मुताबिक जियो नेटवर्क पर प्रति ग्राहक मासिक डेटा खपत बढ़कर 28.7 जीबी हो गई है, जो तीन साल पहले केवल 13.3 जीबी थी। गौरतलब है कि 2018 में भारत में एक तिमाही का कुल मोबाइल डेटा ट्रैफिक मात्र 4.5 एक्साबाइट था।

कारोबारी गतिविधियां अप्रैल में 14 साल के शीर्ष पर

नई दिल्ली। मजबूत मांग के कारण देश की कारोबारी गतिविधियां अप्रैल में लगभग 14 वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। यह मजबूत आर्थिक विकास का संकेत है। एचएसबीसी का खरीद प्रबंधक सूचकांक यानी पीएमआई अप्रैल में बढ़कर 62.2 हो गया। मार्च में यह 61.8 पर था। पीएमआई से पता चलता है कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में विस्तार का संकेत है। महंगाई में कमी के बावजूद रेपो दर में कटौती में देरी हो सकती है क्योंकि महंगाई में आगे बहुत गिरावट की संभावना नहीं है।

सर्वेक्षण में कहा गया है कि पिछली कुछ तिमाहियों में मजबूत विस्तार के बाद इस साल भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने के लिए अच्छी स्थिति में है।अगस्त 2021 से पीएमआई 50 से ऊपर रहा है। 50 से ऊपर का मतलब कारोबारी गतिविधियों में तेजी और इससे कम का मतलब कमजोरी है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, नए ऑर्डरों में बढ़ोतरी से विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन दिखा है। नौकरियों में वृद्धि को मिला समर्थन बढ़ती मांग को पूरा करने के प्रयासों से नौकरियों में वृद्धि को समर्थन मिला, जो विनिर्माण क्षेत्र में सबसे अधिक था। यह डेढ़ साल में सबसे तेज गति से बढ़ी। हालांकि मांग की मजबूती से खर्चों का भार ग्राहकों पर डाल दिया गया। सर्वे के अनुसार, महंगाई इतनी तेजी से नहीं गिर सकती कि आरबीआई किसी भी समय दर में कटौती पर विचार करना शुरू कर दे।

एचडीएफसी नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रक्रियाओं के बारे में किया जागरूक

मुंबई। एचडीएफसी बैंक, ने अपने डिजिटल बैंकिंग जागरूकता अभियान में पूरे भारत में सुरक्षित बैंकिंग कार्यशालाओं की एक पूरी सीरीज़ का आयोजन किया। इस दौरान एचडीएफसी बैंक ने सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रक्रियाओं पर 16,600 से अधिक कार्यशालाएं आयोजित की और इनमें 2,00,224 से अधिक नागरिकों को जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों को साइबर धोखाधड़ी से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया गया। इन कार्यशालाओं का उद्देश्य स्कूल और कॉलेज के छात्रों, कानून लागू करने वाली एजेंसियों, वरिष्ठ नागरिकों, स्वयं सहायता समूहों, ग्राहकों और कर्मचारियों को शिक्षित करना था। इन इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से, सभी प्रतिभागियों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रक्रियाओं पर बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई जिससे वे भविष्य में अपने आप को साइबर धोखाधड़ी का शिकार होने से बचाने में सक्षम होंगे। कार्यशालाओं में वास्तविक और रोजमर्रा के जीवन के उदाहरण, कहानियां और वीडियो शामिल थे, जिससे प्रतिभागियों को धोखेबाजों द्वारा उपयोग किए जाने वाले विभिन्न तरीकों को समझने में मदद मिली।

डीजीसीए का निर्देश- 12 वर्ष से कम के बच्चों को माता-पिता के पास दी जाए सीट

नई दिल्ली। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने सभी एयरलाइंस से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि 12 साल तक की उम्र के बच्चों को फ्लाइट में उनके माता-पिता या अभिभावकों में से कम से कम एक के साथ सीट दी जाए। बता दें, डीजीसीए द्वारा ये कदम उस शिकायत के बाद उठाया गया है। जब एक बच्चे को उसके माता-पिता के साथ बैठने नहीं दिया गया था।

डीजीसीए ने कहा कि एयरलाइंस यह सुनिश्चित करेगी कि 12 साल तक के बच्चों को उनके माता-पिता/अभिभावकों में से कम से कम एक के साथ सीटें आवंटित की जाएं, जो एक ही पीएनआर पर यात्रा कर रहे हों और इसका रिकॉर्ड रखा जाएगा। एयरलाइंस बच्चे की सीट के लिए अभिभावक को फोर्स नहीं कर सकती है। अगर पेरेंट्स ने अपने लिए फ्री सीट या ऑटो एलोकेशन का ऑप्शन चुना है तो बगल की सीट बच्चे के लिए अरेंज करना होगा।इसके अलावा डीजीसीए की ओर से एयरलाइंस को जीरो बैगेज, पसंदीदा सीट शेयरिंग, मील, ड्रिंक और संगीत वाद्ययंत्र ले जाने की अनुमति दे दी है। इसके लिए एयर ट्रांसपोर्ट सर्कुलर 01 2024 में बदलाव भी किया गया है।

डीजीसीए की ओर से स्पष्ट किया गया है कि ये सुविधाएं ऑप्ट इन यानी आपकी मर्जी के आधार पर है। ये बिल्कुल भी अनिवार्य नहीं है। यात्रियों के लिए ऑटो सीट की भी सुविधा होती है, जिसमें आप आपको कंपनी अपने आप ही सीट दे देती है। ऐसे में वो सभी यात्री जिन्होंने वेब चेक इन के दौरान सीट नहीं ली होगी। उन्हें एयरलाइन द्वारा ऑटोमेटिक सीट आवंटित कर दी जाएगी।

विश्व नंबर 1 के रूप में 100-सप्ताह के क्लब में शामिल हुई स्वीयाटेक

मैड्रिड। दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक हाल ही में डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शीर्ष पर 100 सप्ताह बिताने वाली नौवीं खिलाड़ी बनने की उपलब्धि पर पहुंची हैं। इस उपलब्धि पर विचार करते हुए,स्वीयाटेक ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि इस मील के पत्थर को समझना कठिन है क्योंकि यह बहुत तेजी से हुआ है। डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शिखर पर 100 सप्ताह बिताने वाले नौ खिलाड़ियों के चुनिंदा समूह में स्वीयाटेक 22 साल 326 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल करने वाली मार्टिना हिंगिस, मोनिका सेलेस, स्टेफनी ग्राफ और क्रिस एवर्ट के बाद पांचवीं सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। स्वीयाटेक ने 100 क्लब में शामिल होने के बारे में कहा, ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए इसे समझ पाना कठिन है क्योंकि यह बहुत तेजी से हुआ। मैंने कभी उस पद पर रहने की उम्मीद नहीं की थी। स्वीयाटेक ने मंगलवार को मैड्रिड ओपन प्री-टूर्नामेंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, वास्तव में, खेल में इतने लंबे समय तक शीर्ष पर रहना कुछ ऐसी बात है जो मुझे वास्तव में गौरवान्वित करती है। मुझे लगता है कि हमने कभी-कभी कुछ कठिन निर्णय लिए हैं। मेरे पास अच्छे लोग हैं जो मेरा मार्गदर्शन कर रहे हैं और मेरी मदद कर रहे हैं, इसलिए निश्चित रूप से मैं यहां नहीं होती अगर मैं इसे स्वयं करती और मैं वास्तव में आभारी हूं कि सब कुछ ऐसा हुआ। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने पहली बार अप्रैल 2022 में शीर्ष स्थान हासिल किया था जब एश्ले बार्टी ने टेनिस से संन्यास ले लिया था और तब से शिखर पर बनी हुई है, पिछले सीज़न में आठ सप्ताह की अवधि को छोड़कर जब आर्यना सबालेंका ने उनकी जगह ली थी। उसने आगे कहा, जैसा कि आप जानते हैं, विशेष रूप से पिछले साल, नंबर 1 पर वापस आना एक बड़ी बात थी और यह अप्रत्याशित तरीके से हुआ, इसलिए मुझे खुद पर गर्व है कि मैं इसके साथ आने वाले सभी दबावों का सामना कर सकी। लेकिन कुल मिलाकर यह एक तरह का मज़ा है। डब्ल्यूटीए आंकड़ों के अनुसार, स्वीयाटेक पहली बार विश्व नंबर 1 पर पहुंचने के 749 दिन बाद मील के पत्थर तक पहुंच जाएंगी।

सिंघम अगेन का नया पोस्टर

धांसू अंदाज में दिखी लेडी सिंघम दीपिका पादुकोण

रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की पांचवी फिल्म सिंघम अगेन पिछले लंबे समय से चर्चा में बनी हुई है. फैंस इस मल्टीस्टारर फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. रोहित ने कुछ समय पहले फिल्म के सारे कैरेक्टर से दर्शकों को इंट्रोड्यूस करवाया था, जिसके बाद से फैंस इस फिल्म को लेकर बेहद एक्साइडेट हैं.फैंस के एक्साइटमेंट को दोगुना बढ़ाने के लिए रोहित ने एक बार फिर दीपिका पादुकोण का लुक पोस्टर शेयर किया है।

इस फोटो में एक्ट्रेस का दमदार अवतार देखने को मिल रहा है. रोहित शेट्टी ने इसे अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा है कि ये मेरी हीरो है. रील और रियल लाइफ में भी लेडी सिंघम... सोशल मीडिया पर रोहित शेट्टी का ये पोस्ट खूब वायरल हो रहा है. फोटो पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई है. किसी एक यूजर ने लिखा कि एक मां यूनिफॉर्म पहनकर देश की सेवा कर रही है. तो किसी अन्य यूजर ने लिखा कि लेडी सिंघम फायर है. मजा आ गया बाबू भैया... वहीं दीपिका के फर्स्ट लुक पोस्टर में एक्ट्रेस ने पुलिस की वर्दी पहने चंडालिका रूप दिखाया था. पोस्टर में एक्ट्रेस गुंडे के ऊपर बैठकर उसके बाल को एक हाथ के खींच रही हैं और दूसरे हाथ से उसके माथे पर बंदूक ताने हुए नजर आई थीं. बता दें कि साल 2022 में आई फिल्म सर्कस के दौरान डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने अपनी लेडी सिंघम का खुलासा कर दिया था. उन्होंने बता दिया था कि दीपिका पादुकोण ही सिंघम अगेन में लेडी सिंघम बनेंगी. बता दें कि इन दिनों मुंबई में सिंघम 3 की शूटिंग चल रही है. मुंबई में ही इसका सेट तैयार किया गया है. वहीं फिल्म के स्टारकास्ट की बात करें को दीपिका के अलावा रोहित की इस मल्टीस्टारर फिल्म में दीपिका के अलावा अजय देवगन, करीना कपूर खान, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार जैसे कलाकार धमाल मचाते हुए नजर आएंगे. खबरें हैं कि ये मूवी इसी साल 2024 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज होगी।

हमेशा कोहली पर निर्भर नहीं रह सकते : आरोन

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने कहा है कि अब समय आ गया है जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए भारत के घरेलू खिलाड़ी जिम्मेदारी उठाएं और विराट कोहली पर निर्भरता कम करें। कोहली इस आईपीएल में शानदार फॉर्म में सात पारियों में 361 रन बनाकर 'ओरेंज कैप लिए हैं। इसके बावजूद उनकी टीम तालिका में सबसे नीचे दसवें स्थान पर है। आरोन ने रविवार को एक शो में कहा, अगर आपको तालिका में शीर्ष के करीब या फिर मध्य में पहुंचना है तो आपके पास ऐसे घरेलू खिलाड़ी होने चाहिए जो दमदार प्रदर्शन करें क्योंकि आप हमेशा विराट कोहली पर निर्भर नहीं हो सकते। अन्य खिलाड़ियों को भी जिम्मेदारी उठानी होगी। आप इतनी ज्यादा राशि उन खिलाड़ियों पर नहीं खर्च कर सकते जो डग आउट में ही बैठे रहें और खेलें नहीं।

सुपर संडे के दिन मैच हारने वाले कप्तानों पर लगा जुर्माना

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 में सुपर संडे का क्रिकेट फैंस ने जमकर लुत्फ उठाया। इस दौरान विराट के विकेट पर बवाल से लेकर मैच हारने वाले कप्तानों पर लगा जुर्माना क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय रहा। संडे स्पेशल में डबल हेडर मुकाबले का पहला मैच केकेआर और आरसीबी के बीच खेला गया। जबकि दूसरा मुकाबला जीटी और पंजाब के बीच था।

दिन के हाई स्कोरिंग मैच में केकेआर ने आरसीबी को मात्र 1 रन से हराया। वहीं, जीटी और पंजाब के बीच मैच लो स्कोरिंग जरूर रहा लेकिन टक्कर कांटे की रही जहां जीटी ने 3 विकेट से जीत दर्ज की।मगर इस रोमांच के बीच एक बड़ी दिलचस्प घटना घटी जहां इस दिन मैच हारने वाली टीमों पर जुर्माना लगाया गया।हालांकि, सवाल है कि ये जुर्माना क्यों लगा? क्या ये इसलिए लगा था कि टीम हार गई या फिर वजह कुछ और थी?आईपीएल की ओर से बयान जारी कर इसकी जानकारी दी गई है। आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी को केकेआर से मैच गंवाने के बाद 12 लाख रुपये का जुर्माना झेलना पड़ा। बयान के मुताबिक फाफ डुप्लेसी पर यह जुर्माना स्लो ओवर रेट के चलते लगाया गया।मगर पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन पर यह जुर्माना ओवर-रेट को लेकर नहीं है।आईपीएल की ओर से जारी बयान के मुताबिक, सैम करन को लेवल 1 का दोषी पाया गया है, उन्होंने इस लीग की आचार संहिता की धारा 2.8 का उल्लंघन किया।यह अपराध अंपायर के फैसले पर असंतोष जताने के संदर्भ में है। सैम करन ने मैच रेफरी के सामने अपना गुनाह कबूल किया है, जिसके बाद उनके मैच फीस में 50 फीसद की कटौती की गई है।

आरसीबी को लगा डबल झटका, कप्तान फाफ डु प्लेसिस को मिली सजा

नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स ने रोमांचक मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 1 रन से हराया. यह इस सीजन आरसीबी की 7वीं हार है. इस हार के साथ बेंगलुरु को डबल झटका लगा है. दरअसल टीम के कप्तान फाफ डु प्लेसिस पर स्लो ओवर रेट के चलते जुर्माना लगाया गया है. आरसीबी के कप्तान तय समय में पूरे ओवर नहीं करवा पाए थे, जिसके चलते यह जुर्माना लगाया गया.आरसीबी कप्तान फाफ डु प्लेसिस पर स्लो ओवर रेट के चलते 12 लाख रुपये का जुर्माना लगा. इस सीजन में यह पहली बार हुआ जब आरसीबी तय समय पर 20 ओवर पूरे नहीं करवा सकी. आईपीएल 2024 में कई टीमों के कप्तान पर यह जुर्माना लगाया गया है. बेंगलुरु के स्लो ओवर रेट को लेकर आईपीएल की तरफ से एक बयान जारी कर कहा गया।

अरनमनई 4 का गाना अचाचो रिलीज

निर्देशक सुंदर सी की हॉरर कॉमेडी अरनमनई 4 का प्रोमो गाना अचाचो आज रिलीज कर दिया गया। इस गाने में तमन्ना भाटिया और राशी खन्ना डांस करती नजर आ रही हैं। इस गाने को अभीतक चार लाख लोग देख चुके हैं। यह फिल्म का प्रोमो गाना है, जिसमें तमन्ना और राशी की दिलकश अदाओं पर फैंस फिदा हो गए हैं। इस डांस नंबर में हिपहॉप तमिझा का संगीत, विग्नेश श्रीकांत के बोल और खरेस्मा रविचंद्रन के स्वर हैं।फिल्म के निर्माता खुशबू सुंदर ने फिल्म का गाना अपने सोशल मीडिय हैंडल पर शेयर किया है। उन्होंने लिखा, आनंद लें इस गाने का और साथ ही इस सैसी नंबर पर थिरकें। एक सुंदर जादुई एंटरटेनमेंट। इसी के साथ सुंदर ने फिल्म की रिलीज डेट घोषणा की। इस पोस्ट के जरिए उन्होंने बताया कि यह फिल्म कब रिलीज होगी। आगे सुंदर ने लिखा, अरनमनई 4 26 अप्रैल को रिलीज हो रही है।यह गाना तेलुगु में पंचुको के नाम से रिलीज किया गया। डांस नंबर में तमन्ना और राशी अपने हिप-हॉप दिखाते हुए नजर आई। इस डांस नंबर को लेकर फैंस बेहद उत्साहित हैं। यह हॉरर कॉमेडी सीरीज अरनमनई की चौथी फिल्म है। अरनमनई 4 तेलुगु में बाक के नाम से रिलीज हो रही है, जिसका नाम फिल्म के भूत के नाम पर रखा गया है। फिल्म के मेकर्स ने हाल ही में एक ट्रेलर जारी किया जिसमें फिल्म की कहानी की झलक मिली। इस फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म 2014 में रिलीज हुई थी। इसमें सुंदर, हंसिका मोटवानी, विनय राय और एंड्रिया जेरेमिया ने एहम किरदार निभाया था। दूसरी फिल्म, जो 2016 में रिलीज हुई थी, उसमें सिद्धार्थ और तृषा के अलावा सुंदर और हंसिका भी थे।

खंडवा-नरसिंहपुर में टेम्प्रेचर 41 डिग्री के पार

बैतूल, पांढुर्ना-मंडला में तेज आंधी के साथ बारिश का अलर्ट

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश में बुधवार को बारिश के साथ गर्मी का असर भी देखने को मिल रहा है। दिन में खरगोन, खजुराहो, खंडवा और नरसिंहपुर में पारा 41 डिग्री के पार रहा। सबसे गर्म नरसिंहपुर में 41.1 डिग्री दर्ज किया गया। शिवपुरी, रीवा, गुना, दमोह और धार में तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 39.3 डिग्री, इंदौर में 39.2 डिग्री, ग्वालियर में 39.8 डिग्री, जबलपुर-उज्जैन में टेम्प्रेचर 39 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, शाम को कई जिलों में मौसम बदल गया है। मौसम विभाग के

अनुसार, बैतूल, पांढुर्ना और मंडला जिले में आकाशीय बिजली गिरने के साथ 60 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी और बारिश होने का अनुमान है। रात में सिवनी, बालाघाट और डिंडोरी जिलों में भी बारिश होने का अनुमान है।

बारिश के बीच मंगलवार को कई जिलों में गर्मी का असर भी देखने को मिला। खरगोन में टेम्प्रेचर सबसे ज्यादा 41.2 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, नरसिंहपुर में पारा 41 डिग्री रहा। खंडवा, खजुराहो, नौगांव और रीवा में पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 38.9 डिग्री, इंदौर में 38.4 डिग्री, ग्वालियर में 39.5 डिग्री, जबलपुर में 38.3 डिग्री और उज्जैन में पारा 38 डिग्री दर्ज किया गया। पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा। यहां तापमान 31.4 डिग्री रहा। सिवनी में 34.2 डिग्री और छिंदवाड़ा में 34.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

26 अप्रैल से एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस

IMD भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि बीते 24 घंटे में कई जिलों में बारिश हुई है। पूर्वी-पश्चिमी दोनों ही हिस्सों में मौसम बदला रहा। वर्तमान में वेस्टर्न डिस्टरबेंस, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन गुजर रही है। 26 अप्रैल को पश्चिमी भारत से एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस आ रहा है। इस कारण अगले कुछ दिन तक प्रदेश में बारिश जारी रहेगी।

कब-कहां बारिश के आसार

25 अप्रैलः भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, धार, खरगोन, रतलाम, आगर-मालवा, राजगढ़, शाजापुर, देवास, हरदा, खंडवा, बुरहानपुर, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, नरसिंहपुर, रायसेन, दमोह, सागर, विदिशा, अशोकनगर, गुना, श्योपुर, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़ जिलों में।

26 अप्रैलः इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, नीमच, मंदसौर, धार, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, रायसेन, विदिशा, अशोकनगर, गुना, शिवपुरी, श्योपुरकलां, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सागर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडोरी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, मैहर, पन्ना, सतना, रीवा जिलों में।

न्यूज गैलरी

कराहल थाना पुलिस की कार्रवाई: अवैध कच्ची शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

श्योपुर/नवप्रदेश। जिले की कराहल थाना पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 104 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई है। मामला कराहल थाना इलाके के रानीपुरा गांव का है। जहां पुलिस ने छापामार कार्रवाई करके अवैध कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने बताया गया है कि मुखबिर की सूचना पर रानीपुरा गांव में आरोपी रामस्वरूप आदिवासी के घर छापामारी करके उसके कब्जे से 104 लीटर कच्ची अवैध शराब बरामद की है।

पलायन कर गए मतदाताओं से संपर्क: 80 हजार से अधिक वोटर्स को कॉल से करेंगी मतदान के लिए प्रेरित

आलीराजपुर/नवप्रदेश। अलीराजपुर जिले से प्रतिवर्ष पलायन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणजन गुजरात जाते हैं। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने जिले का मतदान बढ़ाने के लिए पलायन मतदाता जागरूकता कॉल सेंटर बनाए हैं। इसके माध्यम से 30 से अधिक महिला कर्मचारी पलायन कर गए मतदाताओं को कॉल करके मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। इसी सदर्भ में बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अभय अरविंद बेडेकर ने किया। पलायन मतदाता जागरूकता कॉल सेन्टर और कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण। जिला निर्वाचन द्वारा पलायन मतदाता जागरूकता कॉल सेंटर का निर्माण कलेक्टर परिसर के जनसुनवाई कक्ष में किया गया है। उन्होंने बताया कि इस कॉल सेंटर पर 30 से अधिक महिला कर्मी को नियुक्त कर संपर्क बनाने के लिए निर्देशित किया गया है कि प्रति दिवस अधिक से अधिक पलायन पर गए मतदाताओं को कॉल के माध्यम से संपर्क करें मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाए। डॉ. बेडेकर ने बताया कि जिला प्रशासन ने एकीकृत जानकारी के अनुसार अलीराजपुर जिले के 80 हजार से अधिक मतदाता पलायन करते हैं। इसके कारण मत प्रतिशत कम रहता है। इस बार भगोरिया पर्व और शादी उत्सव के कारण अधिकतर मतदाता अपने मूल स्थान पर वापस आ चुके हैं। इन मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जिला प्रशासन के स्थापित कॉल सेंटर के माध्यम संपर्क किया जा रहा है और आग्रह किया जा रहा है कि चुनाव का पर्व देश का गर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें और 13 मई 2024 सोमवार को समस्त पलायन करने वाले मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी अभिषेक चौधरी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियांशी भंवर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी तपीस पांडे समेत अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

भोजशाल में एएसआई सर्वे का 34वां दिन: 24 अधिकारी, 29 मजदूरों और पक्षकारों की मौजूदगी में हो रहा काम

धार/नवप्रदेश। केंद्रीय पुरातत्व विभाग के अधीन धार की भोजशाला में वैज्ञानिक पद्धति से सर्वेक्षण चल रहा है। आज 34वें दिन एएसआई की टीम ने सुबह 8 बजे भोजशाला में प्रवेश किया। अब पूरे दिन टीम के सदस्य सर्वे के तहत अलग-अलग बिंदुओं पर काम करेंगे। बुधवार को एएसआई के 24 अधिकारी, कर्मचारी, 29 मजदूरों व पक्षकारों की मौजूदगी में सर्वे किया जा रहा है। पिछले दो दिनों से उत्तर और दक्षिण क्षेत्र में उत्खनन चल रहा हैं, जिसे ही आज आगे बढ़ाया जा रहा है। वहीं कमाल मौलाना दरगाह परिसर में केमिकल ट्रीटमेंट के कार्य को भी गति मिलेगी। यहां शिलालेख की सफाई करने के साथ ही पेपर स्टांप पर उकेरने का काम चल रहा है। भोजशाला के गर्भगृह में स्तंभों की विशेष वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी की गई। भोजशाला के मुख्य परिसर के साथ ही 50 मीटर के दायरे में आने वाले कई स्थलों का बारीकी से परीक्षण किया जाना अभी शेष है। कल भी टीम के सदस्यों ने इसी तरह से काम किया था। अब इन भाषाओं का अध्ययन किया जाएगा। बताया जा रहा हैं, कि टीम के सदस्य पहले इन स्तंभों व आकृतियों पर केमिकल का उपयोग करके उसे साफ कर रहे है। टीम के सदस्यों करीब 8 अलग-अलग समूहों में बांटकर काम कर रहे हैं, क्योंकि अगले सोमवार 29 अप्रैल को कोर्ट में सुनवाई है। इसके पहले सर्वे का बेस तैयार किया जा रहा हैं, ताकि कार्य को लेकर समय बढ़ाने की मांग जो की गई हैं, उसमें कोर्ट के समक्ष अभी तक हुए कार्यों का लेखा जोखा पेश किया जाएगा।

पटवारी बोले-बीजेपी के लोग मोदी को भगवान बनाने में लगे

पीएम के दौरे से पहले पूछे सवाल-क्या मंत्रालय की आग में फाइलें जलाने की जांच कराएंगे

भोपाल/नवप्रदेश। पीएम के मप्र दौरे के पहले पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा ने जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पटवारी ने पीएम मोदी से सवाल पूछे हैं। वहीं कांग्रेस के राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने कहा -आज संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। इसे केवल जनता चुनाव में वोट डाल कर बचा सकती है। आखिर, बीजेपी 400 पार का नारा इसीलिए लगा रही है, क्योंकि बीजेपी संविधान में बदलाव करना चाहती है। जबकि, भारत का संविधान एक बेहतरीन संविधान है। भारत का संविधान लोकतांत्रिक, प्रजातांत्रिक और अभिव्यक्ति की आजादी देता है, पर आज कोई खुल कर बोल नही सकता है।

भाजपा अब सरकार माफिया बन गई है

पीएम मोदी के एमपी दौरे के पहले पटवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा- देश में कथित अमृतलाल चल रहा है एवं इसमें संविधान, बाबासाहब अंबेडकर के विचार, वोट का अधिकार एवं मीडिया की आजादी बचाने की लड़ाई चल रही है। मोदी जी के शासनकाल में 17 सरकारें गिराई गई, 500 से ज्यादा विधायक एवं कई सांसद इधर उधर हुए। जैसे शराब माफिया,भू माफिया, शिक्षा माफिया होते हैं वैसे ही भाजपा अब सरकार माफिया बन गई है।

बीजेपी के लोग मोदी को भगवान बनाने में लगे हैं

पटवारी ने कहा कि क्योंकि प्रधानमंत्री आज रोड शो कर रहे हैं इसलिए, अब वे शोमैन हो गए हैं। भाजपा कहती है कि वे भगवान के अवतार हैं, मुख्यमंत्री ने उन्हें बजरंगबली का अवतार बताया तो बजरंगबली के अवतार यह बताएं कि मध्य प्रदेश की 1.29 करोड़ लाडली बहनों के खाते में 1250 रुपए ट्रांसफर किए जा रहे थे और चुनावके बाद ?3000 प्रतिमाह की मोदी की गारंटी के लिए क्या किया जा रहा है? सरकार यह पैसा कब से देना शुरू करेगी? भाजपा सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत कहा था कि लाड़ली बहना योजना की हितग्राही महिलाओं और प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की हितग्राही महिलाओं को योजना का लाभ

मिलेगा। इन्हें यह लाभ कब मिलेगा?

2700 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं का दाम कब मिलेगा

जीतू पटवारी ने प्रधानमंत्री से पूछा कि प्रदेश में रबी सीजन की प्रमुख फसल गेहूं है, किसान कल्याण तथा कृषि संचालनालय के आंकड़ों के मुताबिक साल 2021-22 में एमपी में 9829 हजार हेक्टेयर रकबे पर गेहूं और 3441 हजार हेक्टेयर भूमि पर धान की फसल ली गई। लेकिन, इनसे किए वादों को पूरा क्यों नहीं गया? गेहूं का उत्पादन 35669 हजार मीट्रिक टन और धान का 12502 हजार मीट्रिक टन रहा। गेहूं धान के इस सीजन में किसानों ने अपना रकबा और बढ़ाया ही है। इस उम्मीद में कि उन्हें गेहूं के लिए 2700 और धान के लिए ?3100 का भुगतान दिया जाएगा। किसानों के साथ हुई इस धोखाधड़ी की भरपाई कब की जाएगी?

शराब कंपनियों से बीजेपी ने चंदा ले लिया

पटवारी ने पूछा - इलेक्टोरल बॉन्ड में चौंकाने वाले खुलासे हुए। लेकिन, भाजपा ने इसे घोटाला क्यों नही माना? 30 से ज्यादा कंपनियां ऐसी हैं, जिन्होंने छापेमारी के ठीक बाद भाजपा को मोटा चुनावी चंदा दिया। कई और कंपनियों ने अपने नेट प्रॉफिट की तुलना में कई गुना ज्यादा चुनावी चंदा दिया। शराब कंपनियों ने पांच साल में 34.54 करोड़ रुपए चंदा दिया। कोलकाता की केसल लिकर ने 7.5 करोड़, भोपाल के सोम ग्रुप ने 3 करोड़, छत्तीसगढ़ डिस्टलरीज ने 3 करोड़, मध्य प्रदेश से जुड़ी एवरेस्ट ब्रेवरीज ने 1.99 करोड़ और एसो अल्कोहल ने 2 करोड़ दिए। इनमे से कुछ के मालिकों की चंदा देने के बाद जमानत हुई।

भ्रष्टों पर कार्रवाई के लिए मंजूरी क्यों नहीं दे रही सरकार

पटवारी ने पूछा बीजेपी, भ्रष्टाचार को दो आंखों से कब तक देखेगी? विभिन्न जांच एजेंसियों ने भाजपा के अधिकारियों, नेताओं के कार्यालयों, परिसरों पर छापे के बाद उनके खिलाफ 265 मामले दर्ज किए थे, लेकिन मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार ने उनमें से 60 मामले वापस लेने का फैसला किया। इसका सीधा मतलब है कि यह भ्रष्टाचार सरकार के संरक्षण में हो रहा था! प्रधानमंत्री जी यह बताएं कि भ्रष्ट और दागी अफसर पर मुकदमा चलाने की मंजूरी कब दी जाएगी?

भर्ती परीक्षाओं में माफिया से मुक्ति कब मिलेगी

पटवारी ने पूछा कि मध्य प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं में सरकारी माफिया से कब मुक्ति मिलेगी? अभी 2 महीने पहले ही इंदौर में बड़ी संख्या में छात्रों ने हाथों में बैनर, पोस्टर लेकर विरोध प्रदर्शन की रैली निकाली और बाद में कलेक्टर कार्यालय जाकर पटवारी भर्ती परीक्षा को निरस्त करने की मांग का ज्ञापन भी सौंपा। व्यापम से शुरू हुआ भर्ती घोटाला का सिलसिला प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को याद आ गया! प्रधानमंत्री जी यह बताएं कि मध्य प्रदेश में कुल कितनी भर्ती परीक्षाएं हुई जिनके पेपर लीक नही हुए? क्या इनमें से एक भी ऐसी थी जिन्हें वह निर्विवाद कह सकते हैं?

मंत्रालय में 4 बार लगी आग में जली फाइलों की जांच कराएं पीएम

पटवारी ने कहा- मार्च में वल्लभ भवन में आग लग गई, इसके पहले सतपुड़ा भवन भी आग का शिकार हुआ था। पिछले साल जून माह में मध्य प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े सरकारी दफ्तर सतपुड़ा भवन में भी आग लग गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि आग लगने से 12 हजार से ज्यादा फाइल में जल गई और 80त्न से ज्यादा दस्तावेज़ खत्म हो गए। बार-बार आग लगती है जांच की घोषणा होती है लेकिन सिर्फ भ्रष्टाचार का सबूत ही खत्म होता है।

ग्रामीण भाइयों की दुर्दशा के लिए 20 साल राज करने वाली भाजपा सरकार जिम्मेदार : अरुण श्रीवास्तव

भोपाल के ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव का धुआंधार प्रचार अभियान...

भोपाल/नवप्रदेश । भोपाल लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव ने भोपाल सीहोर बैरसिया क्षेत्र के किसान परिवारों की दुर्दशा पिछडेपन और गरीबी के लिए भाजपा के 20 साल के कुशासन को जिम्मेदार बताया है उन्होंने कहा है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार ने किसानों मजदूरों और गरीब वर्ग के भाई बहनों को सुनहरे सपने दिखाने के अलावा कोई विकास कार्य नहीं किया है और वोट वसूलते आए हैं श्री श्रीवास्तव बुधवार की सुबह भोपाल और बेरसिया इलाके के कई गांवो में पहुंचकर अपने लिए समर्थन मांगा । श्रीवास्तव के प्रचार अभियान में पूर्व सांसद सुरेंद्र सिंह ठाकुर पूर्व विधायक जोधाराम गुर्जर कांग्रेस नेता राम मेहर जय श्री हरि किरण अवनीश भार्गव ग्रामीण अध्यक्ष अनोखी मानसिंह पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे । श्री श्रीवास्तव का ग्रामीण इलाकों में पहुंचने पर वहां के मतदाताओं में उनके प्रति सम्मान और उत्साह दिखाई दिया ग्रामीण जनों ने भी श्री श्रीवास्तव को अपना समर्थन देते हुए इन इलाकों की समस्याओं से भी अवगत कराया । श्री श्रीवास्तव ने कहा कि मैं जीतू या हरि अब आप लोगों की सेवा मेरा कर्तव्य और धर्म होगा । श्री श्रीवास्तव ने सुबह से लेकर रात तक करीब डेढ़ दर्जन गांवो में पहुंचेंगे ।

श्री श्रीवास्तव ने मेंगराकला बेजाखेड़ी सोजाया धतुरिया रानी खजूरी बरखेड़ा याकूब पहुंचकर ग्रामीणों से भेंट की ।

राजगढ़ में घर के टेंकर में मिली मां-बेटी की लाश: तीन साल पहले हुई थी शादी

टैक्सी ड्राइवर पति पेशेंट को लेकर झालावड़ गया था

राजगढ़/नवप्रदेश। राजगढ़ के खिलचीपुर के पास 15 किलोमीटर दूर दोबड़ा गांव में 30 वर्षीय मां और ढाई साल की मासूम की आंगन में बने वाटर टेंक में डूब गई। इससे दोनों की मौत हो गई। घटना के समय महिला का टैक्सी ड्राइवर पति गांव एक मरीज को लेकर झालावाड़ अस्पताल गया था। वहीं, घटना के समय मृत दोनों मां बेटी ही घर पर मौजूद थीं। सूचना मिलने के बाद भोजपुर पुलिस जांच मे जुट गई है। घटना की वजह सामने नहीं आ पाई है। कोटा निवासी मृतका पूजा शर्मा की 11 दिसंबर 2020 को दोबड़ा गांव में शादी हुई थी। शादी के साल भर बाद ही बेटी हुई थी जो अब ढाई साल की थी।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार दोबड़ा गांव में जगदीशचंद्र शर्मा का परिवार रहता है। 55 वर्षीय जगदीश भोपाल में दिलीप निजी कम्पनी में मैनेजर का काम करते हैं। गांव में उनकी पत्नी शांता शर्मा, दोनों बेटे महेंद्र और सुरेंद्र रहते हैं। दोनों भाई गांव में एक किराने की दुकान का संचालन करने हैं। बड़ा भाई महेंद्र टैक्सी भी चलाता है।

घटना के समय घर सिर्फ मां-बेटी ही मौजूद थीं

बुधवार को सुबह एक मरीज को लेकर महेंद्र झालावाड़ गया था। मां शांता गांव में ही शादी के कार्यक्रम में शामिल होने चली गई। छोटा भाई सुरेंद्र किराने का सामान लाने के लिए जीरापुर चला गया। इस दौरान घर मे महेंद्र की पत्नी पूजा शर्मा (30) और बेटी प्रियांशी शर्मा (ढाई साल) अकेले ही थीं। मृत महिला के देवर सुरेंद्र ने बताया कि जब मैं शाम को करीब 5 बजे घर लौटकर आया तो आंगन में बने टेंक का ढक्कन खुला मिला। हाथ पैर धोने के लिए बाल्टी लिए पानी लेने पहुंचा तो उसे उसकी भाभी प्रियंका का शव पानी में उतराता दिखा। जिसे देख मैं चीख पड़ा। आवाज लगाकर दोस्तों को बुलाया और शव को बाहर निकाला।

बच्ची को ढूंढा तो वह भी नहीं मिली

देवेंद्र ने बताया कि भाभी का शव मिलने के बाद घर में ढाई साल की भतीजी प्रियांशी की खोजबीन की गई। लेकिन नहीं मिली तो शंका के आधार पर टॉर्च जलाकर टेंक में देखा। इस पर होश उड़ गए, बच्ची भी टेंकट में डूबी हुई थी। जिसे निकाला गया। लेकिन तब तक उसकी भी मौत हो चुकी थी।

सम्बोधन मनुष्य का जीवन परोपकार के प्रति समर्पित हो - सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

परोपकार का जीवंत स्वरूप दर्शाता - मानव एकता दिवस

दिल्ली। निरंकार प्रभु ने हमें यह जो मानव जीवन दिया है इसका प्रत्येक पल मानवता के प्रति समर्पित हो सके; परोपकार का ऐसा सुंदर भाव जब हमारे हृदय में उत्पन्न हो जाता है तब वास्तविक रूप में समूची मानवता हमें अपनी प्रतीत होने लगती है। फिर सबके भले की कामना ही हमारे जीवन का लक्ष्य बन जाता है।÷ उक्त उद्गार सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 'मानव एकता दिवस' के अवसर पर समस्त श्रद्धालु भक्तों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये।

मानव एकता दिवस का पावन अवसर बाबा गुरबचन सिंह जी की मानवता के प्रति की गयी उनकी सच्ची सेवाओ को समर्पित है जिससे निरंकारी जगत का प्रत्येक भक्त प्रेरणा लेकर अपने जीवन का कल्याण कर रहा है।

संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा आज संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग 207 स्थानों पर विशाल रूप में रक्तदान शिविर की श्रंखलाओं का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 50,000 युनिट रक्त संग्रहित किया गया। साथ ही दिल्ली के ग्राउंड नं0 2 निरंकारी चैक, बुराड़ी में आयोजित रक्तदान शिविर में सभी रक्तदाताओं ने अत्यंत उत्साहपूर्वक स्वैच्छिक भाव से लगभग 15,00 युनिट रक्तदान किया। इस अवसर पर निरंकारी राजपिता रमित जी ने भी रक्तदान किया, जो मिशन के भक्तों एवं युवा सेवादारों के लिए निसंदेह प्रेरणा का स्त्रोत रहा। इन सभी रक्तदान शिविरों में रक्तदान से पूर्व की जाने वाली जाँच एवं स्वच्छता की ओर विशेष रूप से ध्यान दिया गया। इसके साथ ही रक्तदाताओं हेतु उत्तम रूप में जलपान की भी समुचित व्यवस्था की गई।

मानव एकता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर में जन समूह को सम्बोधित करते हुए सतगुरु माता जी ने फरमाया कि सेवा का भाव सदैव निष्काम ही रहा है। ऐसी भावना जब हमारे मन में बस जाती है तब हमारा जीवन वास्तव में मानवता के कल्याणार्थ समर्पित हो जाता है। ऐसा ही परोपकारी जीवन बाबा गुरबचन सिंह जी की दिव्य सिखलाईयों का आधार रहा है।

निष्काम सेवा के सुंदर भाव का जिक्र करते हुए सतगुरू माता जी ने समझाया कि जब हमारे मन में निष्काम सेवा का भाव उत्पन्न हो जाता है तब यह संसार और भी अधिक सुंदर लगने लगता है क्योंकि तब हमारी सेवा भावना साकार एवं कर्म रूप में समस्त मानव परिवार के लिए वरदान बन जाती है।

रक्तदान, मानव जीवन को बचाने हेतु की जाने वाली एक ऐसी सर्वोपरि सेवा है जिसमें परोपकार की निःस्वार्थ भावना निहित है।

मानव एकता दिवस के अवसर पर आज संत निरंकारी मंडल की बैरागढ़ ब्रांच में ब्रांच संयोजक की पावन हुजूरी में विशेष सत्संग का आयोजन नए सत्संग भवन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सैकड़ो निरंकारी अनुयायियों द्वारा युग प्रवर्तक बाबा गुरु बचन सिंह जी द्वारा दी गई शिक्षाओं पर चलने का संकल्प लिया गया ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लाट नंबर-3, नेशनल प्रेस एरिया, लिंक रोड-नं-3, पत्रकार कॉलोनी के पास से मुद्रित कर, ई-2/237 अरेरा कालोनी भोपाल से प्रकाशित मो.नं. 9406245514, 9425237314 (न्याय क्षेत्र भोपाल) www.navpradeshbhopal@gmail.com